नई दिल्ली
सोमवार, 3 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 200
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 32.3
न्यून. 17.1

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पीएम मोदी ने टीम को दी शुभकामनाएं



*पीएम नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फ़ाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा रहा। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।*

## हरमनप्रीत कौर ने भारत को बनाया चैंपियन

*हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीता। वैसे भारतीय वनडे क्रिकेट इतिहास में वो ओवरऑल वनडे वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले भारत ने कपिल देव और एमएस धोनी की कप्तानी में वनडे वर्ल्ड कर खिताब जीता था और अब हरमनप्रीत कौर भी इन दोनों दिग्गजों की खास लिस्ट में शामिल हो गईं।*

## तीसरी बार मिली सफलता

*भारतीय टीम तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। साल 2005 और साल 2017 में इस टीम का चैंपियन बनने का सपना टूट गया था, लेकिन साल 2025 में भारतीय महिला टीम ने अपने घर में कमाल की कर दिया और इस मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और चैंपियन बनकर ही दम लिया।*

भारत की महिला टीम ने इतिहास रचा



# भारत की बेटियां वर्ल्ड चैंपियन

- साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराया, 52 साल का इंतजार खत्म
- शेफाली वर्मा और दीप्ती शर्मा का दमदार प्रदर्शन
- हरमनप्रीत बनीं वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली पहली महिला कप्तान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 52 साल के इंतजार को खत्म करते हुए महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत ने शेफाली वर्मा और दीप्ती शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया और इतिहास रच दिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन दमदार रहा। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता था और भारत को पहले बैटिंग करने को कहा था। इसके बाद भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन बनाए और प्रोटियाज को जीत के लिए 299 रन का टारगेट दिया। इसके जबाव में साउथ अफ्रीका की टीम 45.3 ओवर में 246 रन पर आउट हो गईं। साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में भारत के खिलाफ जमकर संघर्ष किया, लेकिन जीत का स्वाद ये टीम चख नहीं पाई और इस टीम को उप-विजेता रहते हुए संतोष करना पड़ा। इसके अलावा महिला वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में 25 साल के बाद दुनिया को भारत के रूप में नया चैंपियन मिल गया।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई।



यह हादसा 1 नवंबर की रात करीब 12:30 बजे हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फैक्ट्री में रखा प्लास्टिक का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी एलेक्सियूस टोप्पो, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, सिटी कोतवाली पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। एसईसीएल की दमकल टीम समेत दो अन्य दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसमें पूरी टीम ने तत्परता से काम किया है।

### पत्नी, बेटी और साली को मारकर कर ली खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में शनिवार देर रात 40-वर्षीय एक व्यक्ति ने



अपनी पत्नी, बेटी और साली की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। आरोपी की एक और बेटी हमले में बच गई, लेकिन उसे चोटें आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुलकाचेरला मंडल में देर रात ढाई से तीन बजे के बीच हुई इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने अपनी पत्नी (35), छोटी बेटी (10 वर्ष) और साली की उस समय कथित तौर पर दरांती से हत्या कर दी, जब वे घर में सो रही थीं। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने अपनी बड़ी बेटी की भी हत्या करने की कोशिश की।

**पीएम मोदी का दावा:** 11 नवंबर के बाद राजद-कांग्रेस वाले एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे

# आरजेडी ने कांग्रेस की 'कनपटी' पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया

*पीएम ने कहा कि राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया।

कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो। लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। राजद और कांग्रेस दो परिवारों के बीच सिमटी हुई पार्टियां हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने जा रही है**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में सभा को संबोधित करते हुए।

**हम लोगों ने एक करोड़ नौकरी देने का वादा किया है**

**एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनेंगी**

## राजद वालों ने कांग्रेस से कुछ भी पूछा?

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया। न घोषणा पत्र में कांग्रेस की सुनी गई और प्रचार तक में पूछा गया। राजद वालों ने कांग्रेस की कुछ भी नहीं सुनी। एक तरफ सुशासन है। वहीं, दूसरी तरफ जंगलराज का कुशासन। जंगलराज ने बिहार को खोखला कर दिया। कट्टा, कटुता, क्रूरता, कुशासन और करप्शन ही जंगलराज की पहचान है। बेटियों से छेड़खानी, व्यापारियों से लूटपाट समेत सबकुछ राजद वाले मौका मिलते ही करने लगते हैं। कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है। कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था। आज भी कांग्रेस नरसंहार के आरोपियों को पूरे सम्मान के साथ अपनी पार्टी में आगे बढ़ा रही है। राजद और कांग्रेस को अपने किए गए कृत्यों का पछतावा नहीं है। राजद और कांग्रेस बिहार की पहचान खत्म करने में लगी हुई है।

### राजद-कांग्रेस वालों से सावधान रहना

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वालों के इरादे बेहद ही खतरनाक हैं। इसलिए आपको इनसे सावधान रहना है। यह लोग सिफ जंगलराज की पाठशाला में पढ़कर निकले हैं। इनके कारण उद्योग बंद हो गए। इनका रिकॉर्ड ही निवेशकों को भगाने का है। जब निवेशकों को लालटेन और लाल झंडा दिखेगा तो वह अपना पैसा लगाएगा क्या? निवेशक सिर्फ एनडीए सरकार ही ला सकती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है

पीएम ने मगही भाषा में लोगों को नमन किया। कहा कि यह मगही पान की धरती है। मैं तो बनारस का सांसद हूं। मगही पान और बनारस का संबंध हम लोगों से अच्छा कौन जानेगा। नवादा, गयाजी, नालांदा, औरंगाबाद, जहानबाद या अरवल हो, इन सभी जगहों पर अद्भुद सामर्थ्य है। श्री कृष्ण बाबू ने बिहार के विकास की नींव रखी। यह धरती लोकनायक जयप्रकाश नारायण और भोला सिंह जैसे जनसेवकों की कर्मभूमि रही है। मगध पुरातन भारत की शान है। अब हमें मगध को और बिहार को फिर वही पुराना गौरव लौटाना है।

अब दुश्मनों के लिए खड़ी होंगी तमाम चुनौतियां

# अंतरिक्ष में भारतीय सेना की नई ताकत, इसरो ने बाहुबली रॉकेट से लॉन्च किया नौसेना का सैटेलाइट



एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) कम्युनिकेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है।

ये सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस्ड (उन्नत) सैटेलाइट है। इससे नौसेना की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन (अंतरिक्ष से संचार) और समुद्री इलाके की निगरानी (मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस) की क्षमता मजबूत हो जाएगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शाम 5.26 बजे लॉन्च

ये सैटेलाइट 2 नवंबर 2025 को सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी-एसएचएआर) श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) के दूसरे लॉन्च पैड से शाम 5:26 मिनट पर लॉन्च होगा। इसरो का ये सेंटर रॉकेट लॉन्च करने के लिए मशहूर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने इसे महीनों की मेहनत से तैयार किया है।

### सीएमएस-03 (जीएसएटी-7आर) क्या है ये सैटेलाइट

*जीएसएटी-7आर एक कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, यानी ये संचार का माध्यम बनेगा। ये पूरी तरह से भारत में ही डिजाइन और बनाया गया है। ये सैटेलाइट नौसेना के जहाजों, हवाई जहाजों, पनडुब्बियों और समुद्री ऑपरेशंस सेंटर्स के बीच तेज और सुरक्षित संचार करेगा। सबसे खास बात ये है कि ये भारत का अब तक का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है। इसका वजन लगभग 4400 किलोग्राम है। इसमें कई देसी तकनीक वाले पाट्र्स लगे हैं, जो खास तौर पर नौसेना की जरूरतों के लिए बनाए गए हैं। ये आत्मनिर्भर भारत का एक बड़ा उदाहरण है, जहां हम अपनी ही तकनीक से मजबूत हो रहे हैं। आने वाले समय में इसके बेहद सार्थक परिणाम आएंगे।*

फलोदी जिले में भीषण सड़क हादसा

# ट्रक से ट्रैवलर भिड़ी 18 श्रद्धालुओं की मौत

टूरिस्ट बस खड़े ट्रक में जा घुसी, बीकानेर के कोलायत दर्शन को गई थी

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया है। फलोदी जिले के मतोड़ा क्षेत्र में एक टूरिस्ट बस खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 18 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार, बस जोधपुर के सूरसागर क्षेत्र से श्रद्धालुओं को लेकर बीकानेर के कोलायत दर्शन के लिए गई थी। दर्शन के बाद लौटते समय मतोड़ा क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हुआ। बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया और कई यात्री उसमें फंस गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी और बचाव कार्य शुरू किया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर साधा निशाना
सैलजा के साथ खड़ा रहने से हुई अनदेखी

# हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री प्रो. संपत सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा,जाहिर की पीड़ा

- हरियाणा कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले कई नेताओं का जिक्र कर बताया वे क्यों पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री संपत सिंह ने रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजते हुए कहा कि कांग्रेस अब जनता की नहीं, एक व्यक्ति और परिवार की पार्टी बन चुकी है। संपत सिंह ने अपने इस्तीफे में हरियाणा के अंदर कांग्रेस की मौजूदा हालत के लिए स्टेट लीडरशिप पर सवाल उठाए। यही नहीं, उन्होंने राज्य के आठ बड़े नेताओं के नाम अपने इस्तीफे में लिखते हुए बताया कि आखिर ये लोग क्यों कांग्रेस छोड़ने को मजबूर हुए। उन्होंने खड़गे के अलावा अपने इस्तीफे की कॉपी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 5 पर

# रेलवे बोर्ड ने बड़े प्रोजेक्ट डीपीआर में खामियां पकड़ीं, सख्त जांच के आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने अब 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले सभी प्रमुख परियोजनाओं की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स की जांच प्रक्रिया को और कड़ा कर दिया है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलों को निर्देश दिया है कि परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार करते समय प्रोजेक्ट इवैल्यूएशन कमेटी की सिफारिशों और टिप्पणियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि भविष्य में देरी और लागत वृद्धि की समस्या से बचा जा सके। रेलवे बोर्ड ने कहा कि कई बार जोनल रेलों द्वारा तैयार की गई डीपीआर में कमेटी की टिप्पणियों को शामिल नहीं किया जाता, जिससे प्रस्तावों के निस्तारण में देरी होती है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कमेटी द्वारा दिए गए सभी सुझावों और सुधारों को अंतिम डीपीआर में शामिल करने के बाद ही फाइल रेलवे बोर्ड को भेजी जाए। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### लागत वृद्धि और देरी की पृष्ठभूमि

*अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में रेलवे की कई बड़ी परियोजनाओं में लागत में वृद्धि और देरी के मामले सामने आए हैं। इसी को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने डीपीआर की वित्तीय जांच और तकनीकी जाँच प्रणाली को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया है, ताकि परियोजनाएँ समय पर और तय लागत में पूरी की जा सकें। रेलवे बोर्ड की यह पहल देश की बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। जाहिर है किसी न किसी कारण से परियोजनाओं की सुस्त चाल, लेटलतीफ़ी से कई बार परियोजनाओं की क़ीमत पाँच गुना तक बढ़ जाती है। जिससे रेलवे की बैलेंस सीट पर इसका खासा असर पड़ता है।*

नोएडा के अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन फटने से धमाका

# वार्ड में धुआं फैलने से मची अफरा तफरी, सप्लाई रुकने से 8 मरीजों की हालत बिगड़ी, शिफ्ट किया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के सेक्टर 66 स्थित निजी अस्पताल में रविवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अचानक ऑक्सीजन पाइप फटने से अफरा-तफरी मच गई। लाइन फटने से हुई तेज आवाज और धुआं होने से सभी मरीज बाहर की ओर भागने लगे। वहीं, दूसरी ओर लाइन फटने से गंभीर मरीजों को दी जा रही ऑक्सीजन सप्लाई भी बाधित हो गई, इससे कुछ देर के लिए मरीजों को ऑक्सीजन न मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस मामले को लेकर मौके पर फेस 3 थाने की पुलिस पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर आइसीयू में भर्ती मरीजों को पास के अस्पताल में एंबुलेंस के सहारे शिफ्ट किया गया। आनन-फानन पांच मरीजों को शिफ्ट किया गया।



अस्पताल के बाहर का दृश्य।

### तत्काल पहुंची दमकल टीम

*आज फायर स्टेशन फेस-3 पर ममूरा स्थित निजी अस्पताल में ब्लास्ट होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि ऑक्सीजन लाइन में लीकेज होने के कारण माइनर ब्लास्ट हुआ था जिस कारण मरीजों को तत्काल एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कोई* ▶▶ शेष पेज 5 पर

महागठबंधन ने नेताओं ने इसके विरोध करने का ऐलान किया

# एसआईआर पर विपक्षी दलों में कसमसाहट बढ़ी तमिलनाडु, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने किया खबरदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर अब विपक्षी शासित राज्यों में गोलबंदी शुरू जो गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की अध्यक्षता में हुई राज्य की सर्वदलीय बैठक में पारित प्रस्ताव में जहां आयोग पर "तानाशाही रुख अपनाने" और "संविधान के उल्लंघन" का आरोप लगाया गया, वहीं पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की सरकारों ने भी इस प्रक्रिया को "लोकतंत्र की कब्र खोदने वाला कदम" बताया है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महागठबंधन के सभी नेताओं ने बैठक कर इसका रणनीतिक विरोध करने का एलान किया। जबकि पश्चिम बंगाल में बीएलओ ने साफ़ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मामला कोर्ट के सुनवाई तक रोका जाना चाहिए

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में हुई बैठक में रविवार को अन्य दलों ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर चुनाव आयोग को भेजा। प्रस्ताव में कहा गया है कि "जब बिहार राज्य में एसआईआर मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई जारी है, तब अन्य 12 राज्यों में इसे लागू करना पूरी तरह गैर-कानूनी और लोकतंत्र विरोधी कदम है।" प्रस्ताव में कहा गया कि बिहार में मतदाता सूची संशोधन की आड़ में "अल्पसंख्यक और विरोधी मतों को हटाने की साजिश" की गई थी। तमिलनाडु, बंगाल और महाराष्ट्र के नेताओं ने आरोप लगाया कि आयोग ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब न सर्वोच्च न्यायालय को दिया है, न जनता के सामने।

### बंगाल में विरोध

उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में कहा, 'सिस्टमेटिक वोट डिलीशन' है। हम बंगाल में किसी भी कीमत पर लोगों का वोट अधिकार छिनने नहीं देंगे। चुनाव आयोग अगर केंद्र की कठपुतली बन गया है, तो जनता अब चुप नहीं बैठेगी।

### तमिलनाडु के सर्वदलीय प्रस्ताव की मुख्य बातें

- *चुनाव आयोग ने बिना केंद्र सरकार की अधिसूचना के एसआईआर जारी कर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 169 का उल्लंघन किया है।*
- *अधिसूचना में आधार कार्ड को अस्पष्ट रूप से शामिल किया गया है, जिससे भ्रम फैल रहा है।*
- *मानसून और त्योहारों के बीच मतदाता गणना प्रक्रिया शुरू करने पर लाखों ग्रामीण मतदाता छूटने का खतरा है।*
- *यदि आयोग ने संशोधन नहीं किया, तो तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टियाँ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगी।*
- *बहरहाल एसआईआर मुद्दे पर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्यों के विपक्षी दलों में साझा रणनीति बन रही है। सभी का मानना है कि एसआईआर प्रक्रिया "मतदाता सूची की शुचिता के नाम पर विपक्षी मतों को कमजोर करने का प्रयास" है।*

## ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज का करता था वादा

# मुख्यमंत्री कार्यालय का फर्जी 'लेटरहेड' बनाकर गरीब मरीजों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री कार्यालय का कथित तौर पर फर्जी आधिकारिक 'लेटरहेड' बनाने और ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज का वादा कर गरीब मरीजों को ठगने के आरोप में एमसीडी के एक संविदा कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बताया कि टैगोर गार्डन निवासी आरोपी सोनू (27) को शिकायत मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।




पुलिस के अनुसार यह मामला उस वक्त सामने आया जब दिल्ली के महाराजा अग्रसेन अस्पताल के अधिकारियों ने सीएमओ को एक ईमेल भेजकर एक पत्र की पुष्टि करने का आग्रह किया। उसमें ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के तहत श्याम शंकर नाम के मरीज के लिए मुफ्त इलाज की सिफारिश की गई थी।

डीसीपी नॉर्थ राजा बांठिया के मुताबिक पत्र पर मुख्यमंत्री कार्यालय के शीर्ष अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर थे। अस्पताल अधिकारियों को संदेह हुआ क्योंकि पत्र में वर्तनी की अशुद्धियां थीं। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय से खुद को बलबीर सिंह राठी बताने वाले एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उन्हें उपचार जारी रखने का निर्देश दिया। इस पत्र को संदिग्ध पाते हुए अस्पताल ने सत्यापन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) एस.सी. वशिष्ठ ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया गया कि किसी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'लेटरहेड' का उपयोग करके धोखाधड़ी से जाली पत्र तैयार किए हैं। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस की एक टीम ने मरीज श्याम शंकर से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी पत्नी अंजू को यह पत्र सोनू नामक एक व्यक्ति से मिला था। पुलिस ने फोन करने वाले द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों की लोकेशन करोल बाग क्षेत्र में पाई, जहां सोनू दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कार्यालय में संविदा माली के रूप में कार्यरत पाया गया। 29 अक्टूबर को छापा मारा तो आरोपी अपना बैग और मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने टैगोर गार्डन तक उस पर नजर रखी और अगले दिन उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि उसे कुछ महीने पहले एमसीडी के डाक विभाग में मुख्यमंत्री कार्यालय का एक मूल पत्र मिला था और उसने पैसे कमाने के लिए इसकी जाली प्रतियां बनाने का फैसला किया। वह निजी अस्पतालों के बाहर उन गरीब मरीजों को अपने झांसे में लेता था जो इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ होते थे। वह उन्हें 5,000 रुपये प्रति मामले के हिसाब से ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत निजी अस्पताल में मुफ्त भर्ती कराने का वादा करता था। पुलिस ने बताया कि उसके पास से बरामद वस्तुओं में एक मोबाइल फोन, मुख्यमंत्री कार्यालय के कई जाली पत्र, एक प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर वाला मूल लेटरहेड, एक फर्जी एमसीडी पहचान पत्र, हरियाणा सरकार का एक फर्जी पहचान पत्र और छेड़छाड़ की गई नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल शामिल है। मूल रूप से हरियाणा के झज्जर स्थित बादली के रहने वाले सोनू ने 1999 में अपने पिता की मृत्यु के बाद स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी थी। 2023 में दिल्ली आने से पहले, बहादुरगढ़ में पांच साल तक चौकीदार और माली के रूप में काम किया। पुलिस ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ टैगोर गार्डन में किराये के मकान में रहता है।

## गोविंदपुरी इलाके में हुई वारदात

# झगड़े के बाद फायरिंग से मचा हड़कंप, दो लोग हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में रविवार को मामूली झगड़े के बाद फायरिंग का मामला सामने आया। इस घटना में दो लोग घायल हुये हैं। फायरिंग के आरोप में अब्दुल कादिर (40) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार शख्स गोविंदपुरी थाने का बीसी है।

पुलिस के अनुसार 2 नवंबर को रात 1 बजे गोविंदपुरी थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि उसके जीजा को संत निरंकारी स्कूल, नेहरू कैंप, फतेह सिंह रोड, गोविंदपुरी के पास गोली मार दी गई है। घायल को अस्पताल ले जाया जा रहा है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि पीड़ित राजकुमार एक जागरण चौकी के पीछे मौजूद था। उसी दौरान आरोपी अब्दुल कादिर भी वहां पहुंचा। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़ा बढ़ने पर आरोपी ने कथित तौर पर राजकुमार पर तीन राउंड फायरिंग की। राजकुमार को पैर, सीने के निचले हिस्से/पेट और हाथ में गोली लगी। अमन जोशी नाम के एक राहगीर को भी कोहनी के नीचे हाथ में गोली लगी। घायलों को शुरू में माजिदिया अस्पताल ले जाया गया और बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया। हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए मामले को सुलझाने के लिए इंस्पेक्टर विनीत मलिक के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आरोपी अब्दुल कादिर जो घटना के बाद मौके से भाग गया था और दिल्ली से बाहर भागने की योजना बना रहा था को दो घंटे के अंदर पकड़ लिया गया। आरोपी अब्दुल निवासी ट्रांजिट कैंप, गोविंदपुरी का एक बड़ा क्रिमिनल रिकॉर्डधारी है। वह अपने घर पर ही मीट की दुकान चलाता है। उसे हाल ही में दो महीने पहले हत्या के एक मामले में जमानत पर रिहा किया गया था। उसे आखिरी बार इसी मामले में नॉन-बेलेबल वारंट पर गिरफ्तार किया गया था। वह सात मामलों में शामिल रहा है। अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद करने के लिए मामले की आगे की जांच जारी है।

## दस साल से फरार आरोपी पकड़ा



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने करीब 10 साल पहले हुई दुर्घटना के एक मामले में वांछित एवं अदालत द्वारा फरार घोषित 29 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान विकास के रूप में हुई है और वह सफाई कर्मी के तौर पर काम करता था। उसने बताया कि विकास 2015 में दर्ज एक मामले में वांछित था। पुलिस ने कहा कि वह कई वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस के मुताबिक एक गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाया गया और शनिवार को हस्तसाल विहार से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि उसके खिलाफ 13 आपराधिक मामले दर्ज है।

# सनी साईं गिरोह का प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक अवैध हथियार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सनी साईं गिरोह के प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता तथा एक वांछित लुटेरे को गिरफ्तार कर आठ पिस्टल बरामद किये गये। आरोपियों के नाम गुरमीत सिंह (32) और सुमित (27) बताये गये हैं।



डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक गुरमीत दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान में सक्रिय कई गिरोहों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करता था। गिरोह में सनी साईं, सलमान त्यागी और सद्दाम गौरी भी शामिल थे। गुरमीत के बागपत में होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मारा। उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से दो पिस्तौल, पांच देसी कट्टे, एक मस्कट, 11 कारतूस, 27 कारतूस और एक कार जब्त की गई। पूछताछ के दौरान गुरमीत ने बताया कि उसने एक वांछित लुटेरे सुमित को हथियार मुहैया कराए थे, जिसे बाद में द्वारका के पास डाबरी गुरुग्राम रोड से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल, दो कारतूस और एक चोरी की कार बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार पूर्व सिविल डिफेंस कर्मी सुमित ने नौकरी का अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद अपराध की दुनिया में कदम रखा था। वह जयपुर में एक डकैती के मामले में भी वांछित है और उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गुरमीत के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास और चोरी से संबंधित कई मामले दर्ज पाये गये हैं।

# भलस्वा डेयरी फायरिंग केस का आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भलस्वा डेयरी थाना इलाके में हुई फायरिंग की घटना पुलिस ने सुलझा ली है। इस सिलसिले में हथियार के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उधर घायल शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार घायल शख्स का आपराधिक इतिहास रहा है। वह डकैती और अपहरण जैसे मामलों में शामिल था।



डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 31 अक्टूबर की रात को भलस्वा डेयरी थाने में पाइपलाइन इलाके में फायरिंग की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस तुरंत बुराड़ी अस्पताल पहुंची, जहां भलस्वा डेयरी निवासी राजेंदर उर्फ परवीन उर्फ रैंचो (28) को गोली लगने के बाद भर्ती पाया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि यह घटना पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के कारण हुई थी। शिकायतकर्ता भरत ने बताया कि रात को जब वह अपने चाचा राजेंदर और उनके दोस्त के साथ मौजूद था, तो आरोपी आसिफ उर्फ मस्सी और फरदीन उर्फ जूडी से उनका सामना हुआ, जिसके बाद गोलियां चलाई गईं। इस झगड़े के दौरान राजेंदर की पीठ के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। इसके बाद पुलिस मौका ए वारदात पर पहुंची। मौके से खाली कारतूस और गोली का छर्रा बरामद किया गया। चश्मदीद के बयान के आधार पर भलस्वा डेयरी थाने में मामला दर्ज हुआ। आगे की जांच में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पूरी रात गहन तलाशी अभियान चलाया गया। तेजी से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी आसिफ (26) को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध में इस्तेमाल किया गया एक देसी कट्टा उसके कब्जे से बरामद किया गया। फरदीन सहित बाकी आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि घायल राजेंदर इलाके का बीसी है और पहले भी आर्म्स एक्ट, चोरी, डकैती और किडनैपिंग सहित पांच मामलों में शामिल रहा है। आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## शराब दुकान के कर्मचारियों को महंगी बोतलों में सस्ती शराब भरते पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने छापे में नरेला के एक मॉल में शराब की एक दुकान के कर्मचारियों को महंगी ब्रांड की बोतलों में सस्ती शराब और पानी मिलाकर भरते हुए पकड़ा गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



आबकारी विभाग के निरीक्षकों की एक टीम ने सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को नरेला के मॉल में दिल्ली राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम के शराब के ठेके पर छापा मारा। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि टीम को दुकान थोड़ी खुली हुई मिली और उसके अंदर चार लोग महंगी ब्रांड की खाली बोतलों में सस्ती शराब और पानी मिलाकर भरते हुए पकड़े गए। टीम को ठेके के बाहर एक गाड़ी भी खड़ी मिली, जिसमें शराब की खाली बोतलों से भरा एक बैग मिला, जिनमें से कुछ बोतलों का इस्तेमाल अवैध रूप से दोबारा भरने के लिए किया जा रहा था। अधिकारी ने बताया, ठेके के कर्मचारी कबाड़ डीलरों से शराब की बोतलें खरीदते थे और उन पर बार कोड लगाकर उन्हें असली, महंगी शराब बताकर बेचते थे। हमने डीएसआईआईडीसी को इस बारे में बता दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई और नरेला थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बोतलें और गाड़ियां जब्त कर ली हैं। उन्होंने बताया कि ठेके से जब्त की गई भरी हुई बोतलों का एक नमूना केमिकल जांच के लिए भेजा गया है और ठेके को सील कर दिया गया है।

# सोनिया विहारः सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार 41 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रमोद शर्मा के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि शर्मा की बाइक की टक्कर एक अन्य दोपहिया वाहन से हो गई थी जिसके बाद वह सड़क पर गिर गया और एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। उन्होंने बताया कि यह घटना 30 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे अन्नपूर्णा मंदिर के पास हुई।




पुलिस के अनुसार, सोनिया विहार थाने में एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर दो मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी मिलीं। उन्होंने बताया कि शर्मा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शर्मा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई थी और दुर्घटना के तुरंत बाद, एक अज्ञात वाहन ने उनमें से एक को कुचल दिया। घटना के बाद उस वाहन का चालक मौके से फरार हो गया।" पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है और प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना का क्रम जानने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## डीडीए ने सिरी फोर्ट स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स की सदस्यता की फीस जमा करने की तिथि बढ़ाकर 7 नवंबर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थायी सदस्यता के सफल आवेदकों को राहत प्रदान करते हुए फीस जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 नवंबर 2025 कर दी है। जबकि पहले यह अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 थी जो निकल चुकी है। इस बारे में डीडीए ने बताया कि सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थायी सदस्यता की फीस राशि 31 अक्टूबर 2025 तक जमा नहीं करा सके वह अब 7 नवंबर 2025 तक जमा कर सकते है। अधिकारी ने बताया लेकिन यह मौका अंतिम होगा, इसके बाद भी फीस जमा नहीं करने वाले सफल आवेदक अपने आप विफल साबित हो जाएगें। अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर माह में कई त्योहारों के चलते कुछ आवेदन फीस जमा करने से चूक गए थे। ऐसे में उन्हें अंतिम मौका देते हुए एक अंतिम तारीख 7 नवंबर 2025 घोषित कर दी है। बता दें कि डीडीए ने सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थायी सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे थे, जो 12 अगस्त से 11 सितंबर, 2025 तक खुले थे। जबकि सफल आवेदकों को 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक सदस्यता शुल्क का भुगतान करना था। सरकारी और गैर-सरकारी श्रेणियों के लिए चयन लॉटरी के माध्यम से हुआ, जबकि सहयोगी और कार्यकाल सदस्यों का चयन वरिष्ठता के आधार पर हुआ। डीडीए ने सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए गए थे। आवेदकों को अपनी पात्रता मानदंड के अनुसार सही श्रेणी का चयन करना था। जिसमें सरकारी और गैर-सरकारी यदि आवेदन उपलब्ध सीटों से अधिक थे, तो चयन लॉटरी के माध्यम से हुआ। वहीं सहयोगी और कार्यकाल सदस्यों का चयन वरिष्ठता के आधार पर किया गया।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता महीने में डीएमआरसी ने विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने कर्मचारियों के बीच साइबर जागरूकता बढ़ाने और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने के लिए, अक्टूबर 2025 के पूरे महीने को साइबर सुरक्षा जागरूकता महीने के रूप में मनाया। इसके तहत डीएमआरसी ने इस विषय से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों अधिकारियों के जागरूक किया। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो ने साइबर सुरक्षा जागरूकता महीने के तहत कई गतिविधियां आयोजित की। जिसमें अपनी तरह की पहली पहल के तौर पर, इस बारे में डीएमआरसी



कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि जागरूकता के हिस्से के रूप में, डीएमआरसी ने जागरूकता बढ़ाने और साइबर सुरक्षा के बेहतरीन तरीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की जिसमें यूआईटीपी इंडिया अर्बन रेल कॉन्फ्रेंस 2025 द्वारा ग्लोबल शहरों की सफलता की कहानियाँ थीम के तहत कॉन्फ्रेंस में शहरी रेल और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नए तरीकों और वैश्विक सहयोग पर प्रकाश डाला गया। इस कॉन्फ्रेंस में भारत, कनाडा, स्पेन, पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। दयाल ने बताया कि इसके अलावा राउंडटेबल–एक उच्च-स्तरीय चर्चा आयोजित की गई, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों के साइबर सूचना सुरक्षा अधिकारियों को साइबर सुरक्षा में जानकारी और बेहतरीन तरीकों को साझा करने के लिए एक साथ लाया गया। जबकि जागरूकता महीने के दौरान खास मेहमानों में डॉ. गुलशन राय, पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक और सीईआरटी इन के महानिदेशक डॉ. संजय बहल भी शामिल थे। साइबर सुरक्षा जागरूकता महीना राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक कर्नल निधीश भटनागर के एक जानकारी भरे सेशन के साथ समाप्त हुआ।

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से देखे गए चोर, पीछा किया तो भाग गए

# लगातार बढ़ती चोरियों से परेशान ग्रामीणों ने खुद संभाली सुरक्षा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घोगा गांव में बीते कुछ हफ्तों से चोरी की घटनाओं में अचानक वृद्धि से गांव वालों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। शुक्रवार और शनिवार की रात को एक बार फिर चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन इस बार ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाई जिसके चलते चोरों की योजना नाकाम हो गई। जागरूक ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता रविश भारद्वाज ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से हर शुक्रवार या



शनिवार की रात को चोरी की घटनाएं हो रही थीं। अब तक करीब एक दर्जन भर घरों में चोरी हो चुकी है। पुलिस को कई बार सूचित किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

रविश भारद्वाज ने बताया कि लगातार बढ़ती वारदातों से परेशान होकर ग्रामीणों ने स्वयं ही निगरानी की जिम्मेदारी उठाई। गांव में जगह-जगह "सीसीटीवी कैमरे लगाए गए" और रात को चोरों के निगरानी करने के लिए एक 'निगरानी दल' बनाया गया। बीते शुक्रवार-शनिवार को ग्रामीण रविश भारद्वाज, लोकेश भारद्वाज, भूषण और टोमी ने सीसीटीवी में संदिग्ध गतिविधि देखी और तुरंत चोरों का पीछा किया और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों की तत्परता देखकर चोर दो स्कूटियां (एक पुरानी चोरी की और एक हाल में चोरी की गई) छोड़कर अंधेरे में भाग निकले। इसके बाद ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस पीसीआर ने घटना स्थल पर पहुंचने में करीब 20 मिनट का समय लगा दिया। चोरों द्वारा छोड़ा गया सामान ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा। इस दौरान चोरों का पीछा करते समय पालतु डिज्नी कुतिया की भी मौत बताई गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो यह स्थिति न आती। उन्होंने मांग की है कि गांव में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और हाल के चोरी मामलों की जांच तेज की जाए। गांव के युवाओं ने बताया कि अब वे रात में बारी-बारी से चौकसी करेंगे ताकि भविष्य में कोई भी चोरी की वारदात न हो सके।

## दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ रखने की मांग अपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करने जैसाः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा सांसद द्वारा दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ रखने की मांग अपार्टी के अपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करने जैसा है। वहीं ऐसी मांग के पीछे दूसरा मकसद दिल्ली की प्रदूषण, परिवहन, स्वास्थ्य संबधी ज्वलंत समस्याओं से ध्यान भटकाना है भी। यादव ने कहा कि दिल्ली के एक भाजपा सांसद द्वारा दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करना, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ हवाई अड्डा करना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ रेलवे स्टेशन करने की मांग करना भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को लागू करना है। भाजपा सांसद और भाजपा सरकार ध्वस्त बुनियादी ढांचे, नागरिक सुविधाओं और जीवन के लिए खतरा बन चुके वायु और जल प्रदूषण पर कोई ठोस कदम उठाने के बजाय बेतुकी और बेबुनियाद जुमले छोड़कर लोगों का ध्यान मूल समस्याओं से भटका रहे है। यादव ने कहा कि इतिहासकारों और विशेषज्ञों ने भी भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल की दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की मांग का उपहास उड़ाया है। जबकि जहरीली यमुना में छठ पूजा अर्चना करने वाले, दिवाली में पटाखें चलाने के बाद हुए दमघोटू प्रदूषण से एक्यूआई 400 के पार पहुंचने, राजधानी के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमी, उपकरण, दवाओं और कर्मचारियों की भारी कमी  कभी दिखाई नहीं देती। भाजपा सरकार द्वारा लाखों गरीब झुग्गीवालों पर बुलडोजर चलाकर उनकी छत छीन ली, तब चुप क्यों थे। उन्होंने कहा कि 11 साल से अधिक समय से केजरीवाल सरकार और पिछले 12 वर्षों से मोदी सरकार के कुशासन को सहन कर रहे है।

### एईकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड परियोजना का तैयार करेगी डीपीआर

# पीडब्ल्यूडी 55 किमी लंबे महात्मा गांधी रिंग रोड कॉरिडोर का करेगी पुनर्विकास : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) राजधानी की परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने और यातायात जाम को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 55 किलोमीटर लंबे महात्मा गांधी रोड कॉरिडोर (रिंग रोड) के व्यापक पुनर्विकास करेगा। इस परियोजना का काम एईकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है।

इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि यह सड़क दिल्ली की जीवनरेखा मानी जाती है, जो उत्तर, दक्षिण और मध्य दिल्ली को जोड़ती है। यह परियोजना लगभग 55 किलोमीटर लंबे मार्ग पर फैली होगी, जिसका उद्देश्य प्रमुख चौराहों को डीकंजेस्ट करना, संपर्क बढ़ाना और टिकाऊ शहरी परिवहन को बढ़ावा देना है। इसके तहत मौजूदा रिंग रोड पर ऊँचे मार्ग बनाने की योजना है। एईकॉम



विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन, ट्रैफिक विश्लेषण और परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करेगी।

परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश ने कहा कि महात्मा गांधी रोड सिर्फ एक परिवहन मार्ग नहीं, बल्कि दिल्ली की रीढ़ है। हमारा लक्ष्य इसे और अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और तेज बनाना है। यह परियोजना एक ऐसे जुड़े हुए और कुशल राजधानी की दिशा में ठोस कदम है, जहां हर नागरिक बेहतर डिज़ाइन और सुगम यात्रा का अनुभव करेगा। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह परियोजना सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो डेटा-आधारित और पर्यावरण-संवेदनशील योजना के माध्यम से बुनियादी ढांचे को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ सड़कें नहीं बना रहे, हम एक स्मार्ट दिल्ली बना रहे हैं। हर फ्लाईओवर, हर चौराहा और हर ट्रैफिक सिग्नल को इस तरह पुनः डिज़ाइन किया जाएगा कि वह नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

#### छह चरणों में होगा सम्पूर्ण कॉरिडोर का विकास

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि कुशलता और क्षेत्रवार सुधार सुनिश्चित करने के लिए पूरी सड़क को छह विकास चरणों में बांटा गया है, जिनमें दिल्ली की प्रमुख सड़कों को शामिल किया गया है। इनमें आजादपुर फ्लाईओवर (मंडी) से हनुमान मंदिर (आईएसबीटी) तक करीब 9.5 किमी की सड़क शामिल है। इसके अलावा चंदगीराम अखाड़ा से मजनू का टीला तक (आउटर रिंग रोड) पर 2.5 किमी लंबी सड़क, हनुमान मंदिर (आईएसबीटी) से डीएनडी फ्लाईओवर तक 11.5 किमी लंबी सड़क, डीएनडी फ्लाईओवर से मोती बाग मेट्रो स्टेशन तक 10.5 किमी लंबी सड़क, मोती बाग मेट्रो स्टेशन से राजौरी गार्डन तक 10 किमी सड़क और राजौरी गार्डन से पैसिफिक मॉल, पीतमपुरा से आजादपुर फ्लाईओवर तक करीब 13.5 किमी लंबी सड़क का पुनर्विकास शामिल है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि इन सभी हिस्सों का पुनर्विकास राजधानी के भीड़भाड़ वाले मार्गों पर यातायात प्रबंधन को मजबूत करेगा और सार्वजनिक गतिशीलता में सुधार लाएगा।

#### एईकॉम इस परियोजना के तहत करेगी यह प्रमुख कार्य

मंत्री प्रवेश ने बताया कि एईकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना के तहत सभी प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले बिंदुओं पर यातायात और गतिशीलता पैटर्न का विश्लेषण करेगी। वहीं हरित और सतत विकास के लिए पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव आकलन करेगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक स्थायित्व और सुरक्षा के लिए भू-तकनीकी और संरचनात्मक जांच करेगी। वहीं एईकॉम आधुनिक इंजीनियरिंग समाधान जैसे ग्रेड सेपरेटर, अंडरपास, पैदल-अनुकूल क्षेत्र और सिग्नल अनुकूलन आदि का ध्यान रखेगी वहीं दिल्ली मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के साथ समेकन करेगी ताकि अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। एईकॉम को 3डी मॉडल, तकनीकी डिजाइन, लागत अनुमान और चरणबद्ध क्रियान्वयन रणनीतियों सहित एक वैज्ञानिक डीपीआर तैयार करने का दायित्व दिया गया है।

## दिल्ली: हवा हुई जहरीली गंभीर श्रेणी में एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कई दिनों बाद भी दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है। जिसके चलते वीकेंड यानी रविवार की सुबह प्रदूषण वाली स्मॉग से राजधानी घिरी रही। हालात यह रहे कि दिल्ली के कइर क्षेत्रों में जहरीली हवा के तहत एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुआ।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह सात बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 377 दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। जबकि दिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में भी दर्ज हुआ, इनमें एम्स के नजदीक क्षेत्र में 421, वजीरपुर क्षेत्र में 432, चांदनी चौक 414, बुराड़ी 412, द्वारका 407, वज़ीरपुर 426, आर के पुरम 421, बवाना 410, पंजाबी बाग 403, द्वारका-सेक्टर 8-401, मुंडका 401, सिरीफोर्ट 403, अशोक विहार 404, रोहिणी 409 और द्वारका में 407 एक्यूआई पहुंच गया जिसे गंभीर श्रेणी में माना जाता है। इसके अलावा आनंद विहार में बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई 392 दर्ज किया गया, अलीपुर 381, आईजीआई एयरपोर्ट 364, आईटीओ 312, नरेला 388, शाहदरा झिलमिल 429 रहा, सोनिया विहार 360, आर.के पुरम 376, आया नगर 304, दर्ज किया गया। इनके अतिरिक्त अलीपुर 374, अशोक विहार 397, आया नगर 365, सीआरआरआई मथुरा रोड 390, डीटीयू 286, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज 383, ईहबास दिलशाद गार्डन 261, जहांगीरपुरी 399, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 386, लोधी रोड 306, मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम 350, मंदिर मार्ग 360, एनएसआईटी द्वारका 254, नजफगढ़ 365, नेहरू नगर 399, नॉर्थ कैंपस 375, ओखला फेज-2 में 377, पटपड़गंज 373, पूसा, दिल्ली 399, शादीपुर, सोनिया विहार 370, श्रीअरबिंदो मार्ग 313 और विवेक विहार में एक्यूआई 399 दर्ज हुआ।

**खबर संक्षेप**

### एनडीएमसी पार्किंग चार्ज दोगुना कर दिल्लीवालों की काट रही जेब : नारंग

**नई दिल्ली**। भाजपा की नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) पार्किंग चार्ज दोगुना कर दिल्लीवालों की जेब काट रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह रविवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का हर फैसला जनविरोधी ही रहता है। दिल्ली का प्रदूषण कम करने के लिए एनडीएमसी ने पार्किंग चार्ज बढ़ाया था, लेकिन प्रदूषण भी कम नहीं हुआ। लोग पार्किंग शुल्क से बचने के लिए सड़कों पर गाड़ी खड़ी कर रहे हैं, जिससे प्रदूषण और बढ़ रहा है। अगर पार्किंग शुल्क बढ़ाने से दिल्ली का प्रदूषण कम हुआ है तो सरकार इसके आंकड़े सार्वजनिक करे। अंकुश नारंग ने कहा कि हाल में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है।

### मोहल्ला क्लीनिक बंद होने से सैकड़ों कर्मचारी बेरोजगार : सौरभ

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सैकड़ों मोहल्ला क्लीनिक बंद होने से सैकड़ों कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं और हर रोज हजारों लोगों को अपने घर के पास मुफ्त इलाज पाने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगस्त में 31 और अब 170 अन्य क्लीनिकों को भी बंद करने का फैसला लिया है। प्रैसवार्ता में सौरभ ने कहा कि सीडीएमओ (चीफ डिसट्रिक्ट मेडिकल ऑफिसर) फोन पर मोहल्ला क्लीनिक कर्मियों को नौकरी से हटाने के आदेश दे रहे थे। मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) को फोन आता, 'कल से न आना' और मौखिक रूप से ही सेवा समाप्त कर दी जाती थी।

### सरबत दा भला साइकिल यात्रा का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से रविवार को गुरु तेग बहादुर साहिब जी और उनके साथ शहीद हुए अन्य गुरसिख भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित सरबत दा भला साइकिल यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने साइकिल यात्रा में भाग लिया। साइकिल यात्रा के बारे में काहलों और करमसर ने बताया कि यात्रा की शुरुआत गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल इंडिया गेट से हुई और इसका समापन गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में किया गया। इसमें 550 से अधिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

## वासुदेव घाट पर बनी नकली यमुना में लाया गया फिल्टर पानी : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने छठ पर्व समाप्त होने के कई दिन बाद रविवार को वासुदेव घाट का दौरा किया। यहां उन्होंने पाया कि सरकार द्वारा नकली यमुना के सारे निशान मिटाए जा रहे हैं। उन्होंने यमुना का पानी भी हाथ में लेकर देखा, जो बेहद प्रदूषित दिख रहा था। उन्होंने कहा कि नकली यमुना की चोरी पकड़े जाने के बाद भाजपा सरकार अब सारे सुबूत मिटा रही है।

फिल्टर पानी वाला पाईप हटाया जा रहा है। उन्होंने इस काम को गैर कानूनी बताया। सौरभ भारद्वाज ने इस दौरान दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली सरकार से पांच सवाल पूछे। उन्होंने अपने सवालों में पूछा कि इस अवैध कनेक्शन की अनुमति किसने दी। क्या डीडीए ने दिल्ली जल बोर्ड को लिखित में कहा था कि उन्हें पानी का कनेक्शन चाहिए। क्या दिल्ली जल बोर्ड ने लिखित में इस कनेक्शन को मंजूरी दी थी। यह काम किस ठेकेदार ने किया और क्या इसके लिए टेंडर निकाला गया था या कैश में ब्लैक में पेमेंट की गई। सौरभ ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा नकली यमुना बनाकर



लोगों को बेवकूफ बनाने की साजिश की गई थी। यहां वह पाइपलाइन मौजूद है, जिसे हमने पहले दिखाया था कि वॉल्व से एक मोटा पाइप जमीन के अंदर लाया गया था, जो वासुदेव घाट की नकली यमुना से जोड़ा गया था। यह पाइप वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की राइजिंग मेन से जुड़ा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राइजिंग मेन का मतलब वह मुख्य पाइपलाइन है, जिसमें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निकला पानी सीधे किसी घर या व्यक्ति तक नहीं पहुंचता। यह पानी केवल बड़े अंडरग्राउंड रिजर्वॉयर (यूजीआर) में जाता है और वहां से आगे वितरित किया जाता है। राइजिंग मेन में पंक्चरिंग करना पूरी तरह अवैध कार्य है। इसके लिए एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

### सौरभ भारद्वाज की बौखलाहट को जानते हैं दिल्लीवासी : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर



भ्रष्टाचार किया और अब इसकी जगह दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा को सच्ची मजबूती देने के लिए अब पूरी बेसिक मेडिकल जांच सुविधाओं, डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ सरकारी परिसरों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोल रही है जो जनता को सच्ची सुविधाएं दे रहे हैं। आरोप लगाते हुए सचदेवा ने कहा कि कोविड काल में जब दिल्ली वालों को मोहल्ला स्तर पर डाक्टर इलाज की सबसे ज्यादा जरूरत थी उस वक्त अरविंद केजरीवाल ने इन मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करके डाल दिया था। ऐसे में अरविंद केजरीवाल एवं सौरभ भारद्वाज की बौखलाहट एवं ब्यानबाजी के नकलीपन को दिल्ली वाले भलीभांति समझ सकते हैं। दिल्ली सरकार अनेक आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोल चुकी है और आगामी अप्रैल 2026 तक कुल 1100 आरोग्य मंदिर खोलने का लक्ष्य है।

## हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए प्रभावी कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कही है। उन्होंने रविवार को एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए।



सीएम ने एक्स पर लिखा कि 502 पालना घरों ने कार्यरत माताओं को निश्चिंत होकर काम करने का अवसर दिया है। 10 करोड़ रुपये तक के कोलैटरल-मुक्त एमएसएमई ऋण ने महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनने का संबल दिया है। सुरक्षित यात्रा, सीसीटीवी निगरानी और रात्रि पाली जैसी सुविधाओं ने महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है। 7500 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से मातृ एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं हर घर तक पहुंच रही हैं।

शिक्षा से लेकर आत्मनिर्भरता तक, दिल्ली की महिलाएं आज सशक्त राष्ट्र की पहचान बन रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति' मंत्र से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार महिला सशक्तिकरण के इस संकल्प को नए आयाम दे रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि 24 क्विक रिस्पांस व्हीकल राजधानी में आग जैसी आपदाओं से तेज़ी और दक्षता से निपटेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच पर रविवार को बताया कि क्विक रिस्पांस व्हीकल की मदद से रिस्पांस टाइम घटेगा, टीमों के बीच समन्वय बेहतर होगा, और हर नागरिक को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। सीएम ने कहा कि यह पहल दिल्ली को एक अधिक सुरक्षित, सक्षम और आपदा-प्रतिक्रिया के लिए तैयार राजधानी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### तुलसी विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को शालीमार बाग के बीपी ब्लॉक स्थित श्री दुर्गा मंदिर महिला सेवा समिति द्वारा आयोजित पावन तुलसी विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भक्ति, श्रद्धा और परंपरा से ओतप्रोत यह आयोजन नारी शक्ति की आस्था, परिवार के संस्कार और समाज की एकता का सुंदर प्रतीक है। तुलसी विवाह भारतीय जीवन मूल्यों में निहित संयम, सेवा और समर्पण की जीवंत परंपरा है जो हर पीढ़ी को संस्कार और सद्भाव का संदेश देती है। माता तुलसी की असीम कृपा से समस्त जगत में सुख, शांति और समृद्धि का विस्तार हो। हर हृदय में मंगल भाव, हर जीवन में स्वास्थ्य और सौभाग्य की ज्योति सदा प्रज्वलित रहे।

### आईपी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बने केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य

**नई दिल्ली**। आईपी यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज के प्रो. गुलशन धमीजा को आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली संस्था "केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद" का सदस्य बनाया गया है। आईपीयू प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की अधिसूचना के अनुसार प्रो. धमीजा "केमिस्ट्री" के सब्जेक्ट एक्सपर्ट के रूप में इस परिषद के सदस्य रहेंगे और इस सब्जेक्ट से संबद्ध परिषद की कार्य योजनाओं पर अपनी एक्सपर्ट राय देंगे। प्रो. धमीजा आईपी यूनिवर्सिटी में केमिस्ट्री के प्रोफ़ेसर के साथ-साथ परीक्षा नियंत्रक का कार्य भी संभाले हुए हैं। देश -विदेश की कई संस्थाओं के सदस्य हैं। शिक्षण और शोध के छेत्र में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मान एवं पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं।दिल्ली सरकार से "बेस्ट टीचर" का अवार्ड भी पा चुके हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो.( डॉ.) महेश वर्मा ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### कांग्रेस कार्यकाल में भयानक गैस चैंबर में बदल गई थी दिल्ली : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्लीवासी भलीभांति जानते हैं कि वर्ष 2009 के आसपास कांग्रेस सरकार के शासनकाल में ही दिल्ली पहली बार एक भयानक गैस चैंबर में बदल गई थी, और वर्ष 2022 तक पंजाब में रही कांग्रेस सरकार की लापरवाही के कारण बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं हुईं, जिससे दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ गई। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा की टिप्पणी को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि लगभग दो दशकों तक दिल्लीवासी गंभीर प्रदूषण की मार झेलते रहे और अब कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा को रविवार को अचानक दिल्ली के प्रदूषण की चिंता सताने लगी है।

## भारत की स्वतंत्रता के वास्तविक शिल्पी थे स्वामी दयानंद : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वामी दयानंद केवल एक संत और समाज सुधारक ही नहीं थे, बल्कि भारत की स्वतंत्रता के वास्तविक शिल्पी थे। उनके विचारों ने उस क्रांति की ज्योति प्रज्वलित की, जिसने आगे चलकर पूरे राष्ट्र को आलोकित किया।

यह बात रविवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रोहिणी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, डीएवी मैनेजमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सूरी, और आर्य समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सहित देश-विदेश से आए अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थे। अपने संबोधन में गुप्ता ने स्वामी दयानंद सरस्वती के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए कहा कि सत्यार्थ प्रकाश ने न केवल समाज को जागरूक किया बल्कि एक नए भारत की वैचारिक नींव रखी,



ऐसा भारत जो सत्य, समानता और राष्ट्रीय चेतना के आदर्शों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद के समय देश की सबसे बड़ी आवश्यकता स्वतंत्रता की थी और उन्होंने ही उस महान क्रांति के बीज बोए। सत्य और न्याय का उनका आह्वान भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नैतिक शक्ति बना। गुप्ता ने कहा कि स्वामी दयानंद का प्रभाव भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में गहराई तक व्याप्त था, जिससे लाला लाजपत राय और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों ने प्रेरणा ली। उन्होंने विशेष रूप से स्वामी श्रद्धानंद की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी श्री श्रद्धानंद के नेतृत्व में 1919 में दिल्ली का सत्याग्रह जलियांवाला बाग आंदोलन की पहली चिंगारी था। जब अंग्रेजों ने चांदनी चौक में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, तब स्वामी श्रद्धानंद सबसे आगे थे।

- आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारत की स्वतंत्रता में स्वामी दयानंद की भूमिका को किया नमन

### दिल्ली नगर निगम ने पार्षद को दी जानकारी

## निगम गौशालाओं में नहीं है आवारा पशुओं को रखने के लिए जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आवारा गाय, सांडों के जगह-जगह गलियों, सड़कों, मुख्य मार्गों और कूड़े कचरे के आसपास दिखने का कारण गौशालाओं में पर्याप्त जगह नहीं होना बताया गया है।

ऐसी जानकारी दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने निगम पार्षद द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दी है। सिविल लाइन जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या 7 से निगम पार्षद मुनेश देवी ने बताया कि जब भी वे अपने वार्ड या दिल्ली निगम मुख्यालय में आती है तो उन्हें आवारा पशुओं की समस्या मिलती है। इसे देखते हुए उन्होंने निगम से जानकारी मांगी कि वर्तमान में दिल्ली में गौशालाएं हैं, जिनमें दिल्ली नगर निगम द्वारा गाय व गौवंश को पकड़ कर भेजे जाते हैं एवं इन गौशाला में गाय व गौवंश की संख्या बतायी जाए।

इसे लेकर निगम प्रशासन ने बताया कि जानकारी देते हुए बताया कि सुल्तानपुर डबास स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौवंश की संख्या 8668, डाबर हरे कृष्णा गौशाला में



4593, रेवला खानपुर स्थित मानव गोसदन में 4593 और हरेवली गांव स्थित गेपाल गौसदन में 4006 है। साथ ही निगम प्रशासन ने बताया कि गौशालाओं में गौवंश की क्षमता पहले से ही भरी है अतः गौवंश को पकड़कर रखने की समस्या हैं। ऐसा लग रहा है कि पकड़े हुए गौवंश दुबारा आ रहे हैं।

## नहीं हो रही सफाई, नालियों का पानी बह रहा सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में भाजप का महापौर और स्थायी समिति के गठन के बाद भी दिल्ली में सफाई व्यवस्था के दावें सिर्फ कागजों में ही दिख रहे हैं। निगम के आंकड़ों में भले ही दिल्ली साफ, स्वच्छ और सुंदर बन रही है लेकिन जगह जगह इन दिनों भी नालियों की सफाई नहीं होने से गलियों, सड़कों और मुख्य मार्गों पर बुरा हाल है।

स्थानीय निवासी कहते हैं कि दिल्ली में इस समय बारिश नहीं हो रही है और इसके बावजूद भी दिल्ली में जगह जगह सड़कों, गालियों में पानी भरने की शिकायतें मिल रही हैं। नाले व नालियों की नियमित सफाई



नहीं होना और कई जगह नालियों का मरम्मत कार्य नहीं होना इसका कारण बताया जा रहा है। साथ ही लोगों का कहना है कि मानसून से पहले किए गए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के नाले नालियों को साफ करने संबंधी दावें भी गलत साबित हो रहे हैं। आजादपुर, जहांगीरपुरी, अलीपुर, नरेला के बख्तावरपुर वार्ड में लोगों का कहना है कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन को नालियों के पानी की निकासी पर उचित ध्यान देने की जरूरत है।

# आर्य नगर में विधायक शर्मा ने किया नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़**

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा ने आज आर्य नगर स्थित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण फीता काटकर एवं हवन यज्ञ के साथ शुभ मुहूर्त में किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक पं. मूलचंद शर्मा का पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, पगड़ी बांधकर और तलवार भेंट कर जोरदार स्वागत किया।

नगर निगम द्वारा लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह भव्य डबल मंजिला सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समर्पित किया गया है विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह भवन आर्य नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि यह इमारत सामाजिक कार्यक्रमों, बहन-बेटियों की शादियों, धार्मिक आयोजनों और सुख-दुख के अवसरों पर लोगों के काम आएगी।



फीता काटकर एवं हवन यज्ञ के साथ शुभ मुहूर्त में किया शुभारंभ

### कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने विधायक पंडित मूलचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया, बल्लभगढ़ निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है

*उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है और इस प्रकार के सार्वजनिक भवन समाज को एकजुटता और सुविधा प्रदान करते हैं। उनका कहना था की आर्य नगर की मुख्य रोड में सीवर डल चुकी है सड़क का कार्य भी जल्द शुरू होगा जिसका शिलान्यास किया जा चुका है, आर्य नगर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने विधायक पं. मूलचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके नेतृत्व में बल्लभगढ़ निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संजय जांगिड़, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, स्वराज भाटी, पारस जैन, सीएम एमिनेंट सदस्य राहुल गोयल, बुद्धा सैनी, नरवीर रावत, सुषमा यादव, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य संगीता नेगी, पीएलए शर्मा, रामकिशन शर्मा, सत्यनारायण, राजबाला, ओमप्रकाश शास्त्री, पवन कुमार, शिवप्रसाद गौड़, पूर्व पार्षद हरप्रसाद गौड़, मनोज सिसोदिया, सतवीर शर्मा, सुनील शास्त्री, योगेंद्र शर्मा सरपंच, शिवानी दीक्षित, मेहरचंद, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य अरुण द्विवेदी, भूदेव, पुष्पा शर्मा सहित आर्य नगर की सरदारी उपस्थित रही।*

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** हत्या के प्रयास मामले में अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को काबू किया है तथा दो किशोरो को लिया अभिरक्षा में लिया है। अमित चंदीला वासी गांव फतेहपुर चंदीला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी कपिल के साथ पहले कहासुनी हुई थी, जिसके चलते 12 अक्टूबर को कपिल कुछ साथियों के साथ धारदार हथियार, लोहे की राड,से हमला किया।

### अवैध हथियार रखने के मामले में 2 आरोपी पकड़ाए



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच उचा गांव की टीम ने अवैध हथियार रखने व उपलब्ध करवाने के मामले में आरोपी जतिन व सागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने जतिन व सागर वासी गांव गोच्छी को गांव गोच्छी के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। जिनके खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### डिलीवरी के नाम पर छात्र से 25 हजार ठगे





**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 थाना एरिया में वेब डिजाइनिंग इंस्टीटयूट के छात्र से पासपोर्ट डिलिवरी के नाम पर 25,782 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मण विहार में रहने वाले गगन शर्मा ने बताया कि वह वेब डिजाइनिंग इंस्टीटयूट का छात्र है। उसकी पत्नी ने पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया था। जो 29 अक्तूबर को पासपोर्ट केंद्र गई थी। जिसके बाद उसके मोबाइल पर इंडियन पोस्ट से डिलिवरी करने का मैसेज आया था। इसके बाद एक नवंबर की दोपहर उनके पास टैक्स्ट मैसेज आया कि एडरेस मिसमैच होने पर पैकेट वापिस जा रहा है।

### आज बेरोजगारी के चलते रूसी सेना में भर्ती होकर जान गंवाने को मजबूर हरियाणा के युवा: चौटाला


# भाजपा के राज में प्रदेश के हालात बेहद खराब, प्रदेश में अपराधी नायाब और सरकार गायब है: डॉ अजय सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

आज भाजपा सरकार में प्रदेश के खराब हालातों को देखकर लगता है कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सिस्टम में बैठे लोग मौज लूट रहे और जनता परेशान हो रही है। सरकार केवल हवा.हवाई बातें करके जनता को धोखा देने की कोशिश कर रही है, लेकिन धरातल की सच्चाई जगजाहिर है। यह बात जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कही। वे रविवार को फरीदाबाद जिले में आयोजित जेजेपी के तीसरे युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डॉ चौटाला ने कहा कि आज युवाओं को एकजुट होकर बदलाव लाने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करें और जेजेपी की ताकत को बढ़ाएं। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में यह तीसरा युवा योद्धा सम्मेलन है जिसमें जेजेपी के युवाओं को योद्धा बनकर मैदान में उतरना पड़ेगा और पार्टी की नीतियों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में प्रदेश का बुरा हाल है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज किसानों की हालात दयनीय है, क्योंकि न तो किसानों को उनकी फसलों का पूरा दाम मिल रहा है और न ही सरकार द्वारा अब तक बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिया गया।

उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों को नमी के नाम पर लूटा जा रहा है। वहीं बढ़ते अपराध को देखते हुए लगता है कि आज प्रदेश में गुंडे नायब है और पुलिस प्रशासन गायब है। यह भी कहा कि राजनीतिक सफर में जनहित के फैसले लेना जरूरी होते है और जेजेपी ने सरकार में रहते हुए चौधरी देवीलाल की तरह अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य करके दिखाएं है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज हमारे कई विरोधी पार्टी के नेताओं का जेजेपी का नाम लिए बिना खाना हजम नहीं होता है और दुष्प्रचार करते रहते है, लेकिन हमें उनका जिक्र नहीं करना है।

*युवा योद्धा सम्मेलन के जरिए जेजेपी ने फरीदाबाद में दिखाई ताकत, बृज शर्मा व मोहसिन चौधरी ने उठाए युवाओं से जुड़े अनेक मुद्दे*



### कांग्रेस पार्टी गुटबाजी में बटी हुई है विपक्ष की भूमिका गायब है

वहीं दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी गुटबाजी में बंटी हुई है और विपक्ष की भूमिका से गायब है। उन्होंने कहा कि जेजेपी फील्ड में उतर कर आमजन की आवाज बन रही है और निश्चित तौर पर आने वाला समय जेजेपी का ही होगा। जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा और जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल के सच्चे सिपाही सदा संघर्ष करके बदलाव लाने में विश्वास रखते है और आज पार्टी कार्यकर्ता संगठन मजबूती के लिए निरंतर मेहनत में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि आज जेजेपी के साथ युवा वर्ग बड़ी संख्या में जुड़ रहा है। बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ते नशे और बढ़ते अपराध पर भी चिंता जाहिर की और इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस अवसर पर जेजेपी हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन चौधरी, पवन जाखड़ व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। दो दर्जन से अधिक युवाओं में विभिन्न पार्टी छोड़कर जे जेपी का दामन थामा। और कल पूर्व में रहे युवा जिला अध्यक्ष नलिन हुडा ने जिन साथियों का अपने साथ पार्टी छोडने का प्रचार किया माणिक मोहन व राजाराम ने कार्यक्रम शामिल होकर पार्टी को नहीं छोडने का विश्वास दिलाया। इस मौके पर तेजपाल डागर, प्रेम सिंह धनखड़, जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला, जितेंद्र चौधरी, अमर नरवत, हल्का अध्यक्ष नाहर सिंह चौहान, सुदेश ग्रोवर, हाजी करामत अली, सोराज अधाना, परविंदर सिंह, परमिंदर शर्मा, पवन नरवत, अमर सिंह दलाल, देवेंद्र बैरागी, मो शरीफ, संदीप कपाडिया, लोकेंद्र कलीरामन, श्रीपाल तेवतिया, भारत यादव, टीकाराम भारद्वाज, रणजीत ठाकुर, धीरज ठाकुर, सुबोध चंद्रवंशी, रवि शर्मा, मो खुर्शीद अल्वीएमो शरीक, इमरान खान, अमित टंडन, दरियाब टोंक, जय प्रकाश ढुल, राजबीर गुजर, विनय धतरवाल, श्याम सिंह श्योराण, आनंद भाटिया, श्रवण त्यागी, सचिन राव सहित काफी संख्या में पार्टी के वर्कर एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं का प्रवेश नहीं होगा

## सीनियर डिप्टी मेयर ने गांव कुकड़ौला में दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

नगर निगम मानेसर के सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव ने रविवार को निगम क्षेत्र के गांव कुकड़ौला में लंबित दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ डिप्टी मेयर रीमा चैहान और पार्षद ज्योति वर्मा भी मौजूद रही। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव कुकड़ौला की ये मांग लंबे समय से लंबित थी। आज इनका काम शुरू किया गया है। गांव मुख्य सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा। साथ ही गांव में सीवर लाइन डालने से यहां जलभराव से छूटकारा मिलेगा। वाल्मीकि चैपाल की चार दिवारी होने से यहां आवारा पशुओं का प्रवेश नहीं होगा। इन कामों पर नगर निगम दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगा। निगम के सभी वार्डों में कामों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के एसडीओ विकास शर्मा, पूर्व सरपंच अजय कुमार, अशोक यादव, दीपक, सतीश, सुकेश, राजेंद्र फौजी, आजाद सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जीयूआर 01-परियोजनाओं शिलान्यास के अवसर पर शामिल सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर।

### 12 मामलों का निस्तारण कर 42 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

## 435 शिकायतों का समाधान, 25 लाख 48 हजार रुपए खातों में फ्रिज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस सप्ताह 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 25,31,000 रुपए बरामद किये हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 से 31 अक्टूबर तक फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 12 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 25, 31,000 रूपए बरामद किये हैं तथा 435 शिकायतों का निस्तारण कर 25, 48, 514 खातों में फ्रिज कराये हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश वर्मा, शिवम कुमार, चन्दन, रवि कुमार, अनस, प्रीतम सिंह, प्रशांत, सौरभ ठाकुर, अभिषेक मेहरा, विशाल मेहराए सुशील चौधरी आदि।

### अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल चाकू भी बरामद

## युवक की चाकू से हमला कर नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

कोतवाली इलाके में शनिवार को एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक का नाम नितिन उर्फ पीयूष था।

उसके पिता कालू उर्फ कमल सिह अर्जुन नगर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बेटा नीतिन उर्फ पीयूष घर से किसी काम से पुराना बस अड्डा के पास लालमन लस्सी वाले के पास गया था तो वहा पर सन्नी यादव तुराबनगर थाना कोतवाली गाजियाबाद वहां पहले से ही खड़ा था। मेरे बेटे के पहुंचने पर सन्नी यादव ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । तभी मेरा भाई जितेन्द्र मौके पर पहुंच गया और मेरे बेटे को बचाया। तभी सन्नी यादव मौके से फरार हो गया तथा ईलाज के दौरान संतोष हास्पिटल में मेरे बेटे पीयूष कि मृत्यु हो जाने के संबंध में तत्काल थाना सिहानीगेट पर अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीमों का गठन किया।

जिसमें टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना एवं सर्विलांस सैल की मदद से आज घटना कारित करने वाले अभियुक्त सन्नी यादव को पुराना बस अड्डा फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल चाकू, घटना के समय पहने कपड़े व चप्पल बरामद की गई । गिरफ्तार अभियुक्त सन्नी ने बताया कि मृतक नितिन उर्फ पीयूष की बहन रिया से मेरे संबंध थे। मैं उससे बातचीत करता रहता था। इसके परिवार वाले इस बात का एतराज करते थे तथा इससे पूर्व में भी हमारी आपस में कई बार कहा सुनी हुई है । मैं कल शाम के समय पुराने बस अड्डे के पास खड़ा था तभी नितिन उर्फ पीयूष मेरे पास आया और उससे मेरी कहा सुनी हो गई तथा आपस में मारपीट होने लगी। इसी दौरान नितिन उर्फ पीयूष ने मेरे कंधे पर काट लिया जिसका निशान अभी भी है । फिर मुझे गुस्सा आ गया मेरे पास चाकू था और गुस्से में आकर मैंने नितिन को कई बार चाकू मार कर घायल कर दिया। तभी इसी दौरान मैंने नितिन उर्फ पीयूष के चाचा जितेन्द्र को आते देखा तो मैं उसे छोड़कर वहां से भाग गया और तभी से मैं जगह-जगह छुपकर बचकर घूम रहा था। मुझे जानकारी हुई की नितिन उर्फ पीयूष की मृत्यु हो गई है।

### पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया

## नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को किया दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कॉल करने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। फरीदाबाद निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 6 अक्टूबर को उसके पास एक फोन आया जिसने खुद को बताया और उसने उसे अपोलो हास्पिटल में नौकरी लगवाने को कहा।

जिसके बाद उसने कहा की कुछ औपचारिकता है वो पूरी करनी है और जिनके बाद उन्होंने उससे 1000 व 3200 रुपए भेजने को कहा जो उसने उनके बताए न पर भेज दिये। अगले दिन उसका फोन पर एक इंटरव्यू लिया गया, जिसके बाद उसने 9850 रूपये और ठगों के खाता में भेजे। जिसके बाद जब उसने उस न0 पर कॉल किया तो वह बंद आया और उसे नौकरी के लिए कोई मैसेज नहीं आया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में



संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए रविकांत निवासी गांव भोवापुर जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व मुकेश गुप्ता निवासी सेवा नगर मेरठ रोड गाजियाबाद उत्तर प्रदेश हाल कविनगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी कॉलिग का काम करते थे और दोनों ने ही शिकायतकर्ता के पास कॉल किया था बाद नौकरी का झांसा देकर पैसे खाता में ट्रांस्फर करवाये थे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार** पुत्र आदेश कुमार निवासी वागाबोंड, जामा मस्जिद, दिल्ली दूसरा पताः ग्राम मदावर मोहल्ला, जिला, बिजनौर, उत्तर प्रदेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 945/22 धारा 356/379/411 भा.द.स., थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 945/22 धारा 356/379/411 भा.द.स., थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री सायशा चड्ढा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 272,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14816/N/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश कुमार** पुत्र बाबू लाल निवासी मकान नं. 426, भगत सिंह पार्क, सिरसपुर, दिल्ली, समयपुर बादली, रोहिणी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 693/2018 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 693/2018 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री कोमल गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 292,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/14825/OD/2025


### मोतियाबिंद, हिप.नी रिप्लेसमेंट सहित कई सर्जरी अब होंगी सरकारी अस्पतालों

## हरियाणा सरकार का बड़ा निर्णय, 16 मेडिकल सर्जिकल पैकेज सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत आहूजा ने बताया कि हरियाणा सरकार, स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत-पीएम जयध्चिरायु योजना के अंतर्गत प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की भागीदारी को बढ़ावा देने तथा मेडिकल एवं सर्जिकल पैकेजों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण करने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

सरकार ने पांच (5) अतिरिक्त मेडिकल एवं सर्जिकल प्रक्रियाओं को, जो पहले निजी एवं सरकारी दोनों अस्पतालों में उपलब्ध थीं, अब केवल सूचीबद्ध सरकारी, सार्वजनिक अस्पतालों के लिए आरक्षित कर दिया है। इनमें फेको इमल्सिफिकेशन आईओएल, एब्डोमिनल हिस्टेरेक्टॉमी, सीओपीडी का तीव्र प्रकोप उपचार, गंभीर निर्जलीकरण के साथ तीव्र गैस्ट्रोएन्टेराइटिस तथा बिना एक्सप्लोरेशन के लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में हरियाणा सरकार ने 11 सर्जिकल, आर्थोपेडिक एवं ईएनटी पैकेजों को भी केवल सूचीबद्ध सरकारी अस्पतालों के लिए सुरक्षित किया है। इनमें टोटल नी एवं हिप रिप्लेसमेंट (प्राइमरी और रिवीजन), टिम्पेनोप्लास्टी, विभिन्न प्रकार की हर्निया सर्जरी (खुली एवं लैप्रोस्कोपिक) ए अपेंडेक्टोमीए एडेनॉइडेक्टॉमीए टॉन्सिल्लेक्टोमीए हेमरॉयडेक्टमीए हाइड्रोसील ऑपरेशन तथा सर्कमसिजन शामिल हैं। इस निर्णय के तहत कुल 16 अतिरिक्त पैकेज अब केवल सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से ही लाभार्थियों को उपलब्ध होंगे। सरकार का यह कदम राज्य के सरकारी अस्पतालों में उपचार सुविधाओं को बढ़ावा देने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाने तथा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली में मरीजों का विश्वास और मजबूत होगा तथा सार्वजनिक चिकित्सा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### 55 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

## स्व. विनय कुमार की स्मृति में पांचवां रक्तदान शिविर का आयोजन



■ स्व. विनय कुमार की स्मृति में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते पार्षद दीपक यादव व अन्य।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद मिड टाउन के सहयोग से सिंगला धर्मशाला बल्लभगढ़ में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

स्व. विनय कुमार की स्मृति में पांचवां रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद राव राम कुमार, क्षत्रिय सभा के प्रधान प्रताप सिंह भाटी विशिष्ट अतिथि थे। क्लब के अध्यक्ष मनोज गोयल ने रक्तदाताओं का आभार जताया। भाजपा नेता टिपर चंद ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। क्लब के महासचिव जे कत्याल, पूर्व अध्यक्ष पंकज गर्ग, दीपक बैंसला, पंडित चिंकू, कपिल कपासिया, सत्तन, दीपक, आकाश टोंगर, दीपक ठाकुर का आयोजन में सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर- ट्रॉली पलटी दो लोगों की मौत

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बिलारी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया



निकलने के बाद वह बेकाबू होकर सड़क से गुजर रहे ई-रिक्शा पर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही ई-रिक्शा सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के मुताबिक करनपुर की ओर से ठाकुरद्वारा जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ईंटों से भरी थी।

### निगरानी अभियान में 2.41 लाख की सामग्री जब्त

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर बहरागोड़ा में बने अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर शनिवार



को 2 लाख 41 हजार की सामग्री जब्त की गई। अबतक की कार्रवाई में 2 करोड़ 93 लाख 61 हजार की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। जिले में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), आबकारी विभाग, पुलिस विभाग एवं व्यय निगरानी दल संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रहे हैं।

### सीने में दो गोलियां मारकर युवक की हत्या

**कानपुर।** गांव अगवानपुर में दो गोलियां मारकर युवक की हत्या कर दी गई। गांव के बाहर जंगल में



शव पड़ा मिला। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि शव के पास तड़के तीन युवक देखे गए थे। परीक्षितगढ़ के गांव अगवानपुर निवासी राहुल (28) पुत्र टेकचंद शनिवार रात 8 बजे अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने तलाश करने के बाद रविवार तड़के सुबह तीन बजे चितमान चौकी पर गुमशुदगी की तहरीर दी।

# सोनपुर मेला 9 नवंबर से शुरू होगा, अयोध्या राम मंदिर मॉडल बनेगा मुख्य आकर्षण का केन्द्र

विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला 9 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। मेले में अयोध्या के राम मंदिर का मॉडल मुख्य आकर्षण होगा। प्रशासनिक शिविरों और पंडालों का निर्माण तेजी से चल रहा है। हरिहरनाथ द्वार से ड्रोलिया सिंदूर चौक तक दुकानें सज रही हैं और झूले लगाए जा रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ हाजीपुर

विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के उद्घाटन में अब महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। यदि तिथियों में कोई फेरबदल नहीं हुआ तो आगामी 9 नवंबर (रविवार) को मेला का शुभारंभ होगा। तूफानी चक्रवात के थमने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों के शिविर और पंडालों के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। इसी क्रम में मेला परिसर में पर्यटन विभाग के मुख्य पंडाल, आर्ट एंड क्राफ्ट ग्राम और रेल ग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस बार सोनपुर मेले में अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का मॉडल तैयार किया जा रहा है, जो मेले का मुख्य आकर्षण होगा।

## प्रशासनिक शिविरों और पंडालों का निर्माण तेजी से चल रहा है

### पदाधिकारियों के शिविर और पंडाल बनाए जा रहे



अंग्रेजी बाजार क्षेत्र में जिला परिषदीय डाकबंगला के निकट से लेकर पर्यटन विभाग के कार्यालय भवन तक फैले विस्तृत भूभाग में कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों के शिविर और पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, खेल ग्राम, पुलिस लाइन और मेला से जुड़े अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के कैंपों का भी निर्माण कार्य चल रहा है। पंडालों में कहीं ईंट सोलिंग का काम चल रहा है तो कहीं पर्दों से सजावट की जा रही है। मेला नखास प्रांगण में पर्यटन विभाग के मुख्य सांस्कृतिक पंडाल में शिविरों और अतिथि कक्षों का निर्माण जारी है। इस पंडाल की घेराबंदी पूरी हो चुकी है। निकट ही क्राफ्ट ग्राम में दक्षिण दिशा की ओर दुकानों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। थिएटर क्षेत्र में जलजमाव के बावजूद पंडालों को व्यवस्थित करने और बांधने का कार्य तेजी से चल रहा है।

## मेला क्षेत्र में सजने लगी दुकानें, लग रहे झूले, रंग-बिरंगे झूले लगाए जा रहे है

हरिहरनाथ द्वार से ड्रोलिया सिंदूर चौक तक सड़क के दोनों किनारों पर देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कपड़ा व्यवसायियों की दुकानें सजाई जा रही हैं। कई दुकानें पूरी तरह तैयार हैं और सामान बिक्री के लिए रखा गया है। इसी मार्ग पर कश्मीरी बाजार भी स्थित है, जहां इस बार करीब एक दर्जन दुकानों की संख्या रहेगी। नखास मेला चौक से लकड़ी बाजार रोड तक इस वर्ष भी विविध प्रकार के झूले लगाए जा रहे हैं। एक दर्जन से अधिक लौह सामग्री की दुकानें, आधा दर्जन स्टील वस्तुओं की दुकानें और कई काष्ठ फर्नीचर की दुकानें लग चुकी हैं। दुकानों को सजाने और संवारने का कार्य जारी है। इसी मार्ग के अंतिम छोर पर चिड़िया बाजार चौक के बीच रंग-बिरंगे झूले लगाए जा रहे हैं, हालांकि इस क्षेत्र में जलजमाव से लोगों को असुविधा हो रही है। चिड़िया बाजार रोड से पीएनबी-घोड़ा बाजार मुख्य मार्ग के बीच खाली पड़ी जमीनों में दुकानों, चार धाम दर्शन केंद्र आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। कुत्ता बाजार क्षेत्र की घेराबंदी कर उसे चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। इसी क्षेत्र में, चिड़िया बाजार रोड के पश्चिमी किनारे पर अयोध्या के तर्ज पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का मॉडल तैयार किया जा रहा है। इस राम मंदिर का निर्माण कर रहे पटना के कारीगर इमामुद्दीन अंसारी ने बताया कि यह मंदिर अत्यंत भव्य होगा और मेला उद्घाटन से पहले निर्माण पूरा कर सौंप दिया जाएगा।

## 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं

# विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सीएम योगी बोले- मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 21 पदक दिए गए। इस दौरान 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

डॉ.राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू ) का चौथा दीक्षांत समारोह रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर बीए-एलएलबी ऑनर्स, एलएलएम वन इयर, पीजीडीसीएल, पीजीडीआईपीआर पाठ्यक्रमों के मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 21 पदक दिए गए। इस दौरान 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सुप्रीम के जस्टिस सूर्यकांत की मौजूदगी में मेधावियों ने न्याय की राह पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपाधियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार है। एक ऐसी व्यवस्था जिसमें किसी के साथ भेदभाव न हो और सभी को उसकी योग्यता के अनुसार मौके मिले। ये सुशासन का आधार है और मजबूत न्याय व्यवस्था इसे संभव बनाती है। इस मौके पर कुलपति डॉ.अमरपाल सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर पारंपरिक पदकों के साथ विशेष स्मृति पदक भी दिए गए। इनमें कराधान विधि (टैक्सेशन लॉ), आपराधिक विधि (क्रिमिनल लॉ), संवैधानिक विधि में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

-मेधावियों ने न्याय की राह पर चलने का संकल्प लिया

-सीएम योगी ने उपाधिया अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी



### समाज में कुछ बेहतर करने की इच्छा-दर्शिका

बीए एलएलबी (ऑनर्स) की टॉपर छात्रा दर्शिका पांडेय ने बताया वह जज बनकर देश की न्याय व्यवस्था में कुछ बेहतर करना चाहती है। दर्शिका ने अपनी सफलता का श्रेय पिता सुधीर कुमार पांडेय को दिया। दर्शिका ने बताया बचपन से उनके पिता ने ही उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। वहीं, मां नीलम ने मनोबल बढ़ाया। गुरुजनों का भी योगदान है। दर्शिका ने बताया कि उन्होंने शुरुआती पढ़ाई कुशीनगर से की है।

### दर्शिका को तीन पदक, अभ्युदय को दो स्वर्ण पदक

इस मौके पर दर्शिका पांडेय को तीन पदक मिलें। इसमें संवैधानिक विधि में सर्वोच्च अंक पाने के लिए स्व. पद्मावती मोहनलाल जरीवाला स्वर्ण पदक, स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए वीरेंद्र भाटिया स्वर्ण पदक और बीए एलएलबी में कांस्य पदक शामिल है। अभ्युदय प्रताप को दो स्वर्ण पदक मिले जिसमें बीए एलएलबी (ऑनर्स) में स्वर्ण पदक, केके लूथरा मेमोरियल स्वर्ण पदक शामिल है।

## संकट में श्रमिक, भुखमरी की नौबत

# अफ्रीका में फंसे झारखंड के 48 मजदूर, पिछले तीन महीने से नहीं मिली है



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला जारी है। गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले के 48 प्रवासी मजदूर अफ्रीका के ट्यूनीशिया में फंसे हुए हैं। पिछले तीन माह से मजदूरों को कंपनी की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस वजह से मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। वहां फंसे मजदूरों ने वीडियो संदेश में अपना दर्द साझा करते हुए कहा है कि हम यहां बहुत बुरी हालत में हैं। कंपनी ने हमारा वेतन रोक दिया है और हमारे पास खाने तक के पैसे नहीं बचे हैं। हम बस किसी तरह अपने घर वापस लौटना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी की है।

इस सिलसिले में प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसने वाले मजदूरों का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार प्रवासी मजदूर ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विदेश जाकर फंस चुके हैं। काफी मशक्कत के बाद उनकी वतन वापसी कराई गई। प्रवासी मजदूर पुरानी घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं। वहीं, पिछले छह महीने पूर्व साउथ अफ्रीका के नाइजर से 25 अप्रैल 2025 को बगोदर के दोंदलो पंचायत के संजय महतो, चंद्रिका महतो, राजू महतो, फलजीत महतो एवं मुंडरो के उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया था, ऐसे में सरकार को मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है। विष्णुगढ़ अमरदीप चौधरी (ऊंचाघाना), जिवाधन महतो (ऊंचाघाना), धानेश्वर महतो (ऊंचाघाना), जागेश्वर कुमार महतो (ऊंचाघाना), गोविंद कुमार महतो (ऊंचाघाना), खिरोधर महतो (ऊंचाघाना), नागेंद्र कुमार महतो (ऊंचाघाना), कैलाश महतो (ऊंचाघाना), नीलकंठ महतो (ऊंचाघाना) आदि।

## पेज एक का शेष

### आरजेडी ने कांग्रेस...

एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार। अब इन दो परिवारों में ही जंग छिड़ गई है। जंगलराज के युवराज को लगता है कि एक युवराज की पदयात्रा ने उन्हें पैदल कर दिया। आज तक यह दोनों दल एक-दूसरे के बाल नोंचने में लगे थे। अब तो खबर यह है कि हर बूथ पर कांग्रेस के लोगों ने राजद को हराने की ठान ली है। आप देखिएगा कि 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान खत्म होते ही राजद और कांग्रेस एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। बिहार का विकास एकजुट एनडीए ही कर सकता है। एनडीए सबको अवसर देता है। सबको सम्मान देता है। वहीं जंगलराज वालों के लिए सिर्फ अपना परिवार ही मायने रखता है। पीएम ने नवादा व आरा में सभाओं को संबोधित किया।

### राजद-कांग्रेस वालों ....

है। एनडीए सरकार विकास और विरासत दोनों को महत्व देते हुए आगे बढ़ रही है।

### अंतरिक्ष में भारतीय...

सैटेलाइट की तकनीकी खासियतें वजन और आकार

■ 4400 किलोग्राम वजन वाला ये सैटेलाइट भारत का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है. इससे पहले के सैटेलाइट इससे हल्के थे।

मिलेगा नेटवर्क

■ इस सैटेलाइट के अंदर के संचार उपकरण हैं। ये आवाज (वॉइस), डेटा और वीडियो लिंक को कई तरह के बैंड्स (फ्रीक्वेंसी रेंज) पर सपोर्ट करेंगे। मतलब, नौसेना के लोग जहाज पर हो या हवा में, आसानी से बातचीत कर सकेंगे।

कवरेज एरिया

■ ये भारतीय महासागर क्षेत्र में मजबूत टेलीकम्युनिकेशन कवरेज देगा। यानी, हिंद महासागर के बड़े हिस्से में सिग्नल मजबूत रहेगा।

डेटा करेगा ट्रांसफर

■ ये सैटेलाइट ज्यादा डेटा ट्रांसफर करेगा। इससे जहाजों, विमानों, पनडुब्बियों और कंट्रोल सेंटर्स के बीच सुरक्षित और बिना रुकावट वाला कनेक्शन बनेगा। इन सबके कारण नौसेना को समुद्र में अपनी मौजूदगी और मजबूत होगी। अगर कोई खतरा आए, तो तुरंत जानकारी मिल जाएगी।

**पहले भी इसरो ने रचा है इतिहास :** इससे पहले नासा इसरो सिंथेटिक अर्पाचर रडार यानी निसार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। निसार सिर्फ एक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित एक और ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट नहीं है और बल्कि यह टेक्नोलॉजी का एक ऐसा चमत्कार है जिसे आज से पहले दुनिया ने कभी नहीं देखा था। ऐसे समय में जब धरती क्लाइमेट चेंज से गुजर रही है तो निसार कई तरह की जानकारियां मुहैया करा रहा है। वैज्ञानिकों, क्लाइमेट रिसर्चर्स और डिजास्टर मैनेजर्स के लिए यह एकदम किसी सपने के सच होने जैसा है। इसरो ने आदित्य एल 1 मिशन को लॉन्च किया था, जो सूर्य और सौर गतिविधियों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला सौर मिशन है। इन सफलताओं ने भारत को पृथ्वी और अंतरिक्ष के पर्यावरणीय अध्ययन में एक अग्रणी भूमिका में ला खड़ा किया है, और निसार जैसे अंतरराष्ट्रीय सहयोगी मिशन के लिए मजबूत आधार तैयार किया। इसरो ने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक डॉक कराकर भारत को दुनिया का चौथा देश बना दिया । इससे पहले 2017 में इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रहों को लॉन्च करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह मिशन भारत की लॉन्च क्षमता और विश्वसनीयता का प्रतीक बना।

### ट्रक ट्रैवलर ....

पुलिस से ग्रामीणों की मदद से लोगों को बाहर निकाला : मतोड़ा थाना अधिकारी अमानाराम पुलिस दल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर के अस्पताल में रेफर किया गया। थाना अधिकारी ने बताया कि अब तक 18 यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

**अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस काफी तेज रफ्तार में थी। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह खड़े ट्रेलर को नहीं देख पाया। तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण बस सीधे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बस के अंदर से शवों को निकालने में घंटों की मशक्कत करनी पड़ी।

**सांसद ने सहायता देने की बात कही :** जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी हादसे की जानकारी देते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि फलौदी के मातोड़ा में हुए भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद से लगातार प्रशासन के संपर्क में हूं। अधिकारियों को त्वरित प्रबंध के लिए निर्देशित किया है। जैसी सूचना है उस अनुसार हादसे में बड़ी जनहानि हुई है, अभी हमारा हरसंभव प्रयास है कि घायलों को श्रेष्ठ उपचार मिले। परिजनों को पूरी सहायता दी जाएगी, इस कठिन समय में उनके लिए संबल की प्रार्थना करते हुए सहायता प्रदान करने में तत्पर हूं।

### हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री...

के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र को भी भेजी। संपत के त्यागपत्र में तमाम बातों से समझा जा सकता है कि वे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ दूरी के चलते कांग्रेस छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। उन्होंने साफ लिखा है कि कुमारी सैलजा के साथ खड़ा होने के चलते राज्य नेतृत्व उनसे नाराज हुआ और उनको किनारे कर दिया गया। छह बार के विधायक, दो बार मंत्री और एक बार नेता प्रतिपक्ष रहे संपत सिंह ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि साल 2009 में कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद से उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया और संगठन में किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि पार्टी में गुटबाजी और परिवारवाद ने जड़ों को खोखला कर दिया है। संपत सिंह ने कुमारी सैलजा के साथ हुए व्यवहार को लेकर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में सैलजा को हाशिए पर डाल दिया गया, उनके खिलाफ जातिसूचक टिप्पणियां फैलाने दी गईं और उनके समर्थकों को टिकट से वंचित किया गया, जिससे दलित वर्ग पूरी तरह कांग्रेस से दूर हो गया। संपत सिंह ने अपने सियासी करियर की शुरुआत पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के साथ की थी। वह बीती 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक में हुई इनेलो की रैली में भी शामिल हुए थे। संपत सिंह ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाने पर भी सवाल उठाए थे। इसे लेकर उनकी शिकायत कांग्रेस की अनुशासन समिति के पास पहुंची थी। संपत सिंह ने लिखा कि कांग्रेस में आज निष्ठा का इनाम दासता है और मतभेद की सजा निष्कासन। 2009 से लगातार हार के बावजूद किसी से जवाबदेही नहीं ली गई। जो नेता पार्टी को डुबो रहे हैं, वही शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने पत्र में कई वरिष्ठ नेताओं में भजनलाल, राव इंदरजीत सिंह, बीरेंद्र सिंह, धरमबीर सिंह, कुलदीप बिश्नोई, अशोक तंवर, अवतार भड़ाना के नाम गिनाते हुए कहा कि अपमान और उपेक्षा की वही परंपरा आज भी जारी है। संपत सिंह ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए "अध्ययन का विषय" होना चाहिए था क्योंकि मीडिया सर्वेक्षणों में जीत की भविष्यवाणी के बावजूद पार्टी बुरी तरह हारी। उन्होंने आरोप लगाया कि टिकट चोरी और वोट चोरी के जिम्मेदार लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि हरियाणा की जनता अब राज्य और राष्ट्रीय नेतृत्व दोनों से निराश है। पार्टी का संगठन जर्जर हो चुका है। 2005 में भजनलाल जी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 67 सीटें जीती थीं, लेकिन तब से पराजय का सिलसिला थमा नहीं है। अपने इस्तीफे के अंत में संपत सिंह ने लिखा कि मैं एक गर्वित हरियाणवी हूं और अपने प्रदेश की जनता को निराश नहीं कर सकता। हरियाणा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है, परंतु वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व में मेरा विश्वास समाप्त हो गया है। इसलिए मैं कांग्रेस से अपना त्यागपत्र देने के लिए विवश हूं।

### रेलवे बोर्ड ने बड़े...

**वित्तीय जांच होगी और कठोर :** रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल वित्त इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे यह प्रमाणित करें कि कमेटी की सभी सिफारिशें और सुधार अंतिम रिपोर्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही, एक विस्तृत वित्तीय चेकलिस्ट भी जारी की गई है जिसमें परियोजना की सटीक लागत गणना, वास्तविक दर विश्लेषण, भूमि अधिग्रहण की लागत का समुचित आकलन, बिना औचित्य के लम्पसम आंकड़ों से बचाव, हितधारकों से परामर्श विशेषकर जहां परियोजनाएं वन भूमि से जुड़ी हों, ऐसे सभी बिंदुओं की कसौटी पर चेक लिस्ट को कसा जाएगा।

**सर्कुलर और नीतिगत मानकों का पालन जरूरी :** बोर्ड ने यह भी कहा कि सभी डीपीआर को रेलवे बोर्ड की प्रचलित सर्कुलर और नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। इनमें सुरंगों में बैलेस्टर ट्रैक का उपयोग, फेंसिंग मानक, सिग्नलिंग सिस्टम और ट्रैक रखरखाव सुविधाओं से जुड़ी प्रावधानों का पालन अनिवार्य है।

**ट्रैफिक अध्ययन और वैकल्पिक विकल्पों का मूल्यांकन भी आवश्यक :** बोर्ड ने जोनल इकाइयों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि प्रस्तावित खंड के वैकल्पिक मार्गों और विकल्पों का भी समुचित मूल्यांकन किया जाए। डीपीआर में जो भी नया सेक्शन प्रस्तावित किया गया हो, वह केवल अतिरिक्त ट्रैफिक की आवश्यकता और पर्याप्त हितधारक परामर्श के आधार पर ही सुझाया जाना चाहिए।बोर्ड ने कहा कि प्रत्येक परियोजना रिपोर्ट में अब वित्तीय आंतरिक प्रतिफल दर और आर्थिक आंतरिक प्रतिफल दर का स्पष्ट उल्लेख और औचित्य दिया जाए। परियोजनाओं के सभी मॉडल इनपुट्स को बोर्ड द्वारा अनुमोदित प्रारूपों के अनुरूप प्रस्तुत किया जाएगा।

### तत्काल पहुंची दमकल ...

भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है न ही किसी प्रकार की कोई आगजनी हुई है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

### एसआईआर पर विपक्षी...

कर दिया कि राज्य में बढ़ते राजनीतिक गतिरोध को देखते हुए उनकी सुरक्षा पहले सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्य कर्मियों को बीएलओ बनाया जाता है सभी ने सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की माँग कर चुनाव आयोग की सिरदर्दी बढ़ा दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दूसरे चरण को लेकर विपक्षी दलों में जबरदस्त नाराजगी फैल गई है। यह प्रक्रिया 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक देश के 12 राज्यों में चलनी है, जिनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार शामिल हैं।

**महाविकास अघाड़ी का विरोध :** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन 'महाविकास अघाड़ी' के नेताओं- उद्धव ठाकरे, शरद पवार और अशोक चव्हाण ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि "एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता नहीं है। आयोग ने यह नहीं बताया कि मतदाताओं से कौन-से दस्तावेज लिए जाएंगे, या कब तक। यह स्पष्ट रूप से वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ की तैयारी है।"

## पिता गंभीर रूप से घायल

# कंबाइन मशीन से टकराई बाइक, मां-बेटे की मौत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

छतोह–गांधीनगर मार्ग पर सड़क हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हैं। क्षेत्र के ओलीपुर मजरे संडहा गांव निवासी नीलेश कुमार अपने पिता शेषपाल और मां निर्मला के साथ डीह थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे। छतोह–गांधीनगर मार्ग पर जानकी देवी पब्लिक स्कूल के पास छतोह की ओर जा रही कंबाइन मशीन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर मशीन से जा टकराई।

हादसे में नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों




ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पवन कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कि हादसे के बाद कंबाइन मशीन चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पकड़ लिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, नीलेश बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहने था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से परिवार में मातम छा गया है।

## डंपर को पुलिस ने कब्जे में लिया

# लोको पायलट को डंपर ने कुचला मौत से परिजनों में मचा कोहराम

एजेंसी ▶▶ कानपुर


हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात नौबस्ता-हमीरपुर नेशनल हाईवे पर सब्जी मंडी के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार लोको पायलट को रौंद दिया। वह सेंट्रल स्टेशन डयूटी पर जा रहे थे। उनके बड़े भाई कानपुर देहात के भूमि संरक्षण अधिकारी हैं। आठ दिन बाद लोको पायलट का जन्मदिन था। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी तो परिवार में कोहराम मच गया। डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

नौबस्ता के आवास-विकास, हंसपुरम निवासी प्रेमनारायण वर्मा (50) कानपुर सेंट्रल स्टेशन में लोको पायलट के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी भारती, बेटा प्रतीक और बेटी प्रभांसी हैं। कानपुर देहात में तैनात बड़े भाई देवेंद्र वर्मा ने



बताया कि पिछले 14 वर्षों से प्रेमनारायण सेंट्रल स्टेशन पर ही तैनात थे। शनिवार रात 3:30 बजे ड्यूटी का समय होने पर वह तड़के करीब तीन बजे घर से सेंट्रल स्टेशन जाने के लिए अपनी बाइक से निकले थे।

हमीरपुर नौबस्ता नेशनल हाईवे पर सब्जी मंडी में टॉवर के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर से टक्कर हो गई।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style

# कियारा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर


एजेंसी ▶▶ मुंबई



कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।




# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्हीं में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



**पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा**

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

# मप्र में तीन सेक्टर में पीएमश्री हेली सर्विस शुरू, मप्र को मिली अनुपम सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा की अनुपम सौगात मिली है। इससे पर्यटकों को पैकेज के रूप में सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी। शुरुआती चरण में प्रदेश के 3 सेक्टर में पीएम श्री हेली सर्विस शुरू की जा रही है। भोपाल से मढ़ई-पचमढ़ी, इंदौर से उज्जैन-ओंकारेश्वर और जबलपुर से कान्हा-बांधवगढ़ सेक्टर पर पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे परिसर में आयोजित विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अभी भोपाल से सड़क मार्ग से पचमढ़ी जाने में साढ़े 5 घंटे लगते है, नई पीएमश्री हेली सर्विस से पर्यटक सिर्फ 45 से 50 मिनट में पचमढ़ी पहुंच सकेंगे। पीएम श्री पर्यटन हेली सर्विस जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ को लिंक करेगी। इंदौर से उज्जैन और ओंकारेश्वर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा से एक दिन में दोनों ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो जाएंगे। बाबा महाकाल की नगरी में प्रदेश का 9 वां एयरपोर्ट विकसित किया जाएगा।

### राजा भोज एयरपोर्ट में उन्नयन कार्यों का भी हुआ शुभारंभ


पीएमश्री हेली सर्विस शुभारंभ अवसर पर उद्बोधन देते सीएम।

### आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू कहते हैं कि मप्र में एविएशन सेक्टर की अपार संभावनाएं हैं। पीएमश्री एंबुलेंस देश में सबसे पहले मप्र में संचालित हो रही हैं। एयर एंबुलेंस के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो रहा है। आयुष्मान कार्ड से नागरिकों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस सर्विस सेवा का लाभ ले रहे हैं। गैर आयुष्मान कार्ड धारकों को पेड सर्विस भी दी जा रही है। सतना जैसे छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा गया है। यहां से छोटे प्लेन संचालित किए जा रहे हैं।

### रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा

मप्र में पहली बार इंट्रा स्टेट एविएशन सर्विस की शुरुआत हुई है। रीवा से इंदौर के बीच 20 नवंबर से इंडिगो की सीधी हवाई सुविधा मिलेगी। रीवा से दिल्ली हवाई सेवा भी पूर्वी मध्यप्रदेश के लिए अद्भुत सौगात है। हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश में 3 नए एयरपोर्ट रीवा, सतना और दतिया में शुरू किए गए। बदलते दौर में रीवा तेजी से विकास करने वाला नगर बना है।

### अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक कर चुके हैं यात्रा

अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि अभी तक 10 हजार से अधिक पर्यटक यात्रा कर चुके है। मप्र भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य है। इसलिए प्रदेश में एयर कनेक्टीविटी को बढ़ाते हुए पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। देश में इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टीविटी स्थापित करने वाला मप्र पहला राज्य है। इस योजना से प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी।

### *इन 3 प्रमुख सेक्टरों में होगा संचालन*

*मप्र के प्रमुख पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों के मध्य हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के लिए 3 सेक्टरों में प्रादेशिक हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाय की जाएगी।*

***सेक्टर-1*** *में- इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर,, नीमच, हनुवंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा, भोपाल और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*

***सेक्टर-2*** *में- भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो (श्योपुर), ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, टीकमगढ़ और जबलपुर के बीच सेवा संचालित की जाएगी।*

***सेक्टर-3*** *में- जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसुली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी, भोपाल और इंदौर के बीच हेलीकॉप्टर सेवा संचालित की जाएगी।*

---

### मुख्यमंत्री ने दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित कर स्मारिका का विमोचन किया

# भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए महर्षि दयानंद की शिक्षा पद्धति अपनानी होगी






नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से सीएम ने की मुलाकात।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आर्य समाज के प्रगतिशील विचारों को आज फिर उसी संकल्प, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे कि भारत 'आध्यात्मिक गुरु' का अपना प्राचीन गौरव फिर से हासिल कर सके। मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके आर्य समाज की स्मारिका का विमोचन किया जिसमें आर्य समाज के 150 साल का स्वर्णिम अध्याय संकलित है। मुख्यमंत्री ने संस्था को अपने ऐच्छिक कोष से 51 लाख रुपए भी देने की घोषणा की। इस मौके पर गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है, तो हमें महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा।

### महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई और नागरिकों को आजादी के लिए जागृत किया। यही कारण था कि देश के हर कोने में आजादी के आंदोलन ने गति पकड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे नौजवान क्रांतिकारियों के जीवन पर आर्य समाज की गहरी छाप थी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी सामाजिक पतन को देश की पराधीनता का कारण मानते थे, इसलिए उन्होंने शिक्षा के प्रचार, धार्मिक सुधार, सामाजिक सुधार जैसे क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने पर बल दिया। इसलिए उन्हें सामाजिक चेतना का अग्रदूत भी कहा जाता है।

### गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान है। आर्य समाज ने वेदों को पढ़ने और उनके मूल्यों को धारण करने की जो राह दिखाई है, उसके कारण समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रगति हुई है। हमारे गुरुकुलों में विद्यार्थियों को योग भी सिखाया जाता है।उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति का महत्व पहले से भी अधिक बढ़ गया है। गुरुकुल प्रणाली में युवकों के चरित्र निर्माण और नैतिक गुणों के विकास पर विशेष बल दिया जाता है। सादगी और उच्च विचार इसके मूल आधार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद की विचार-रूपी सूर्य की किरणें, सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करती रहें, इसी उद्देश्य से 1875 में आर्य समाज की स्थापना हुई। आर्य समाज एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसने धर्म, समाज और राष्ट्र तीनों के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं।



### *78वें निरंकारी संत समागम में की शिरकत*

*पानीतप। मुख्यमंत्री शनायब सिंह सैनी ने निरंकारी संत समागम में रविवार को उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को एकता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने समालखा में आयोजित 78 वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को हृदय की गहराइयों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संत निरंकारी मिशन वर्षों से सेवा भाव का संवाहक रहा है।*

---

### गुरुग्राम में 27वें खेल उत्सव का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री बोले- हमारी खेल नीति देश में सर्वश्रेष्ठ






हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम में 27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव का रविवार को विधिवत रूप से आगाज हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम में शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्डी खिलाड़ी भी विशेष रूप से उपस्थित रहें इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत और माटी हरियाणा की पहचान है। हमने खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए देश की सबसे अच्छी खेल नीति बनाई। जिसका फायदा खिलाड़ियों को पहुंच रहा है।

### हॉकी, हैंडबॉल, टेबल टेनिस व एथलेटिक्स के होंगे मुकाबले

गुरुग्राम में 3 से 6 नवंबर तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम में हॉकी, हैंडबॉल, टेबल टेनिस तथा एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। गुरुग्राम जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें इससे पहले राज्य खेल उत्सव की तैयारियों को लेकर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुमित कुमार ने शनिवार देर शाम को ताऊ देवीलाल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्टेडियम की सभी व्यवस्थाओं खिलाड़ियों के ठहराव, सुरक्षा, परिवहन, चिकित्सा और पेयजल जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला प्रशासन ने खेल उत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

---

### मोदी ने फोन पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद शुक्ल से भी की बात

# पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का पीएम ने पूछा हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


तीजन बाई


विनोद शुक्ल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फोन कर पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी लोक गायिका तीजन बाई का कुशलक्षेम पूछा। तीजन बाई पिछले दो वर्ष से लकवाग्रस्त हैं जिससे उनकी सेहत खराब बनी हुई है। पीएम मोदी ने पद्म भूषण व ज्ञानपीठ जैसे पुरस्कारों से सम्मानित साहित्यकार विनोद शुक्ल का भी हालचाल जाना।

उन्हें हाल ही में गिरने के कारण सर्जरी कराने की जरूरत पड़ी थी और फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती हैं। तीजन बाई के परिजनों ने बताया कि जब फोन पर बताया गया कि प्रधानमंत्री खुद बात करना चाहते हैं तो वो लोग एकदम हैरान रह गए। अपनी लोकगायकी से पूरी दुनिया में ख्याति हासिल करने वाली तीजन बाई के परिजनों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी सेहत को लेकर चिंता जताई। वहीं अस्पताल में भर्ती विनोद शुक्ल से प्रधानमंत्री ने फोन पर सीधे बात की और उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। करीब डेढ़ मिनट की बातचीत के दौरान शुक्ल से कहा कि अगर कोई जरूरत हो तो बताएं।

**मध्यप्रदेश के 4 जनजातीय बाहुल्य जिलों को 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभः सीएम** : भोपाल
मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में प्रदेश में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार की सभी गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है।

---

### पुसौर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी वाहन चालक फरार

# ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। खरसिया क्षेत्र के ग्राम दर्रामुड़ा गांव निवासी मोहन केवट अपने बेटे श्यामलाल केवट (35 साल) के अलावा गांव के एक अन्य ग्रामीण उसतराम केवट के साथ किसी काम के सिलसिले में कोतासुरा गांव जाने निकले थे। बाइक सवार तीनों ग्रामीण सुबह 10 बजे के आसपास जब तिलगी मोड़ के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे की ओर से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारते हुए तालाब में जा घुसा। इस दुर्घटना में बाइक सवार मोहन केवट की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद से आरोपी चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। सड़क हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी। जिसके बाद मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

---

### 14 दिसंबर को छतरपुर में होगा फिनाले

# बुंदेली शेफ सीज़न 3 में 14 महिला प्रतिभागी क्वार्टर फाइनल की रेस में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिलाओं के लिए देश की पहली बुंदेली पाक कला पर आधारित ऑनलाइन प्रतियोगिता 'बुंदेली शेफ' ने अपने तीसरे संस्करण के साथ एक बार फिर पूरे बुंदेलखंड को स्वाद, सुगंध और संस्कृति के रंगों में रंग दिया है।

पहले ऑडिशन राउंड में चयनित 7 महिला प्रतिभागियों के बाद दूसरे ऑडिशन राउंड में भी 7 महिलाओं ने अपने हुनर से जजेस और दर्शकों का दिल जीत लिया। ऐसे में, अब 14 प्रतिभागी आगे की रेस में अपने हुनर का जादू चलाएंगी। प्रतिभागियों के हुनर परखने के लिए अनुभवी जज पैनल में बुंदेली शेफ सीज़न 1 की विजेता समिता, सीज़न 2 की विजेता ज़हीदा परवीन और आतिथ्य क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव रखने वालीं मेघना शर्मा शामिल हैं, जो स्वाद, प्रस्तुति और नवाचार तीनों का बारीकी से आकलन कर रही हैं। इस ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता के पहले दो सीज़न की लोकप्रियता ने तीसरे सीज़न को और भी खास बना दिया।

---

### बना रहा था प्रेमिका से बात करने का दबाव, आरोपी फरार

# प्रेमी ने प्रेमिका की मां पर किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ब्रेकअप से नाराज युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका की मां पर हथौड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके साथी के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रायपुरा के गौरा चौक के यादवपारा निवासी आरती विश्वकर्मा की सोशल मीडिया पर पहचान दीपक अग्रवाल नामक युवक से हुई थी, जो देवेंद्र नगर का रहने वाला है। दोनों के बीच कुछ समय तक दोस्ती और प्रेम संबंध रहा, लेकिन परिजनों के विरोध के चलते युवती ने दीपक से दूरी बना ली थी।

परिवार के विरोध के बाद आरती ने दीपक के साथ रहने के लिए खम्हारडीह इलाके में किराए का मकान ले लिया था। इसी दौरान दीपक आए दिन उससे झगड़ा और मारपीट करने लगा। इससे परेशान होकर आरती ने उससे ब्रेकअप कर दिया और अपनी मां के पास वापस लौट आई। ब्रेकअप के बाद आरती ने दीपक का नंबर ब्लॉक कर नई सिम ले ली। इससे नाराज दीपक ने आरती की मां से संपर्क कर बेटी से बात कराने का दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने गाली-गलौज की और धमकियां भी दीं। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब आरती की मां काम पर जा रही थी, तभी दीपक अपने साथी के साथ वहां पहुंच गया और अचानक उसके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद पीड़िता की बेटी आरती ने डीडीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दीपक अग्रवाल और उसके साथी के खिलाफ धारा 307 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

---

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग की शिकायतें पहुंची सीएम हेल्पलाईन

# शिकायतों की भरमार, अतिक्रमण-आवारा कुत्तों से भोपाल त्रस्त ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और जबलपुर की शिकायतें भी अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर सरकार में ग्वालियर के नगरवासी सबसे ज्यादा परेशान हैं। पूरे मध्यप्रदेश में सीएम हेल्पलाईन पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सर्वाधिक 59 हजार शिकायतें इसी शहर से है। दूसरे नंबर पर भोपाल, फिर इंदौर और जबलपुर चौथे स्थान पर है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की पांच लाख 36 हजार 544 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। उज्जैन शहरी शिकायतों के मामले में पांचवें स्थान पर हैं। यहां 18 हजार शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची है। सागर जिले में 17 हजार 486 शिकायतें पहुंची है। दस हजार से अधिक शिकायतों वाले शहरों में सागर, मुरैना, रीवा, सतना, भिंड, रतलाम, छतरपुर, शिवपुरी, गुना जैसे शहर शामिल है। राजधानी भोपाल जो शहरी क्षेत्रों में शिकायत के मामले में दूसरे नंबर पर है यहां 57 हजार 707 शिकायतें है। इंदौर में 54 हजार 704 और जबलपुर में 35 हजार 738 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। सीएम हेल्पलाईन में पहुंची शिकायतों में से 74 फीसदी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।


अरेरा कॉलोनी में आवारा कुत्ते।

### *आवारा कुत्तों के काटने के मामले में भोपाल आगे*

*यहां आवारा कुत्तों से जुड़ी 3448 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं भी सीएम हेल्पलाइन मामले में पांचवें स्थान पर है यहां सर्वाधिक भोपाल में हुई है। ग्वालियर में 1496 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है, जिन्होंने आवारा कुत्तों से परेशानी की शिकायत की है। जबलपुर में ऐसी 1346 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन में पहुंची है। रतलाम में 623 और उज्जैन में 557, खंडवा में 439 लोग आवारा कुत्तों से परेशान है। इनके अलावा देवास, कटनी, रीवा, बुरहानपुर, सतना, मुरैना और सिंगराली में भी आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने सीधे सीएम हेल्पलाईन में शिकायतें की है।*

### *आवारा पशुओं से ग्वालियर में परेशानी*

*आवारा पशु, गाय-बैल, भैंस से ग्वालियर के लोग सर्वाधिक परेशान है यहां 413 शिकायतें आई हैं। जबलपुर में 237 लोग आवारा पशुओं से परेशान है। जबलपुर में ऐसी 237 और उज्जैन में 206 शिकायतें आई है। जबलपुर में सुअरों का आतंक पहुंची है। जबलपुर में 983, ग्वालियर में 804 अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है। रीवा में 411, उज्जैन में 374 शिकायतें पहुंची है। खंडवा, मुरैना, कटनी, रतलाम, देवास, बुरहानपुर, सागर, छिंदवाड़ा और सिंगरौली में भी अतिक्रमण की शिकायतें पहुंची है।*

## चिंतन

# देश के युवाओं को प्रेरणा दे रहीं इसरो की उपलब्धियां

यह ऐसे संगठन की कहानी है, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक रुकावटों को न केवल चुनौती दी, बल्कि कम संसाधनों के साथ वह काम कर दिखाया, जिसकी दुनिया ने कल्पना तक नहीं की थी। अपनी खुद की तकनीक विकसित की और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित की। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) नाम है इस संगठन का। इसरो भारत की शान है, क्योंकि इसके वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन, जिसने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाया है। इसरो ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने पूरी दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 पहला सौर मिशन, मंगलयान और एक ही मिशन में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण न केवल हमारे वैज्ञानिकों के कौशल दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि हर देशवासी को गर्व का अनुभव भी करवाते हैं। अब इसरो ने एक और कारनामा कर दिखाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले कम्युनिकेशन सैटेलाइट को रविवार को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। इससे पहले क्रायोजेनिक स्टेज इग्नाइट हुआ था। एलवीएम 3-एम5 पावर्ड फ्लाइट के आखिरी फेज में पहुंचा। पहले रॉकेट घने एटमॉस्फियर से बाहर निकला था। ऐसे में इसे एयरोडायनामिक हीटिंग से सुरक्षा की जरूरत खत्म हो गई थी। इसरो ने कन्फर्म किया है कि प्रोपल्शन बे के दरवाजे सफलतापूर्वक खुल गए हैं। सैटेलाइट के कंट्रोल सिस्टम ने ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके सीएमएस-03 को उसकी ऑर्बिट में स्टेबल करने और गाइड करने का काम संभाल लिया है। मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। इससे नौसेना को भारी मजबूती मिलेगी। यह सैटेलाइट भारतीय नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर बनाए गए स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स के साथ नेवी की स्पेस-बेस्ड कम्युनिकेशन और समुद्री इलाके की जानकारी रखने की कैपेबिलिटी को और मजबूत करेगा। इसमें कई स्वदेशी लेटेस्ट कंपोनेंट्स शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। इस सैटेलाइट को मशहूर एलवीएम 3 लॉन्च वीकल से लॉन्च किया गया। इसी लॉन्च वीकल ने चंद्रयान-3 मिशन में भारत को चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारा था। यह इस व्हीकल की पांचवीं ऑपरेशनल उड़ान थी। इस कामयाबी से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। यह तीसरी आंख के रूप में समुद्री क्षेत्र में दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखेगा। इसरो न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत बना रहा है, बल्कि खासकर युवाओं के लिए, प्रेरणा का स्रोत है। यह अनुशासन, लगन और नवाचार का एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सिखाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को पार किया जा सकता है। युवा भी इसरो से प्रेरणा लेकर खुद को मजबूत कर आगे बढ़ सकते हैं और अनुकरणीय उदाहरण पेश कर सकते हैं।



चुनाव
सुरेश हिन्दुस्तानी

# वादों और दावों के बीच झूलता बिहार

> राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी।

बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति परिलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती हैं। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो इनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एकमात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करता है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है।




स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवतः इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास

राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

फिलहाल
डॉ. मोनिका शर्मा



# गृहिणियों को मिले संपत्ति स्वामित्व का अधिकार

बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने स्त्री शक्ति की अहमियत समझने से जुड़ा एक अहम निर्णय दिया। न्यायालय द्वारा परिवारों में गृहिणियों के योगदान को मान्यता देने की वकालत की गई। दिल्ली हाईकोर्ट के अनुसार अब समय आ गया है कि घर-परिवार संभाल रही स्त्रियों की भूमिका को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए, क्योंकि घर बनाने और चलाने में गृहिणियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। असल में यह फैसला स्त्री शक्ति के उस रूप की ओर ध्यान दिलाता है, जिसकी भागीदारी अनदेखी रह जाती है। असल में बड़े-बुजुर्गों की संभाल से लेकर आंगन में अपनेपन को कायम रखने तक, गृहिणियों की भूमिका बहुत अहम है। बावजूद इसके, जिम्मेदारियां निभाने में पूरा जीवन लगा देने वाली बहुत सी घरेलू स्त्रियों के हिस्से कुछ नहीं आता। मान-सम्मान के मोर्चे पर उपेक्षा ही नहीं आर्थिक पहलू पर असुरक्षा भी उनके मन को घेरे रहती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला स्त्री शक्ति की इस भूमिका की गरिमा को समझने की बात लिए है। घर आंगन तक सिमटी महिलाओं की इस अहम भागीदारी के मूल्य को समझकर सम्मान देने का आह्वान करता है।


आमतौर पर घरेलू महिलाएं आर्थिक मामलों में अपनी बात कम ही रखती हैं। यहां तक कि घर संभालने-चलाने से जुड़ी अपनी फाइनेंशियल वैल्यू भी नहीं आंकतीं। परिजन-स्वजन तो इस विषय में सोचते ही नहीं। तभी तो बहुत से बदलावों के बावजूद उनकी मेहनत की अनदेखी कायम है। ऐसे में इस न्यायिक निर्णय से घर, परिवार और बच्चों की देखभाल में गृहिणियों के योगदान को आंकते हुए मालिकाना अधिकारों का फैसला लेने में मदद मिलेगी। दिन रात अपनों को बिना मांगे मिलने वाले उस सहयोग का मूल्य तय किया जा सकेगा, जिसे आर्थिकी के किसी खांचे में नहीं रखा जाता। न्यायालय ने भी कहा है कि घरों में पूर्णकालिक गृहिणियों की मौजूदगी से विशेष मदद मिलती है। साथ ही हमारे देश के बहुत से परिवारों में घरेलू सहायक भी नहीं हैं। स्पष्ट है कि इन परिवारों में गृहिणियों की मौजूदगी बहुत से खर्चों को बचाती है।

दुःखद है कि गृहिणी के रूप में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी की अनदेखी का भाव सदा से रहा है, उनके मालिकाना हक को लेकर न सोचने के पीछे भी उनके श्रम की उपेक्षा ही है, जबकि गृहिणियों को अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा उन अवैतनिक कार्यों को करने में बिताती हैं, जिनके लिए घरेलू सहायक अच्छी खासी तनख्वाह लेते हैं। अफसोस है कि महिलाओं को उनके कामों के लिए आर्थिक लाभ देने की तो नहीं, इस भूमिका को सम्मानजनक मनाने का भाव भी नदारद है। गौरतलब है कि पश्चिमी देशों में गृहिणी के रूप में भी महिलाओं के श्रम और आर्थिक भागीदारी को बहुत महत्व दिया जाता है। हमारे यहां घर पर रहने वाली महिलाओं के हिस्से विकसित देशों की स्त्रियों से ज्यादा काम हैं। वहां के मुकाबले सुविधाएं भी बहुत कम हैं। ध्यातव्य है कि हमारे देश में गृहिणियों की बचत समूची बचत का 24 फीसदी है। बचत की यह भागीदारी दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। कहना गलत नहीं होगा कि उनसे मिले स्नेह, सहयोग और संबल का आर्थिक मोल आंकना तो असंभव है। ऐसे में गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी को रोकने के लिए संपत्ति स्वामित्व में उनके अधिकारों को रेखांकित करना भी बेहद जरूरी है।

ध्यातव्य है कि घरेलू महिलाएं भी देश की श्रमशक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कमोबेश हर अध्ययन अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी की बात कहता है। ऐसे में बीते दिनों चर्चा में आया संपत्ति के अधिकार की मांग से जुड़ा मामला और यह फैसला दोनों विचारणीय हैं। दरअसल, एक महिला द्वारा उच्च न्यायालय से मांग की गई थी कि विवादित संपत्ति में उसका भी समान और वैध अधिकार घोषित किया जाए। महिला की ओर से कहा गया था कि उसने परिवार की देखभाल के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। उसे उसका हिस्सा न मिलना एक तरह का अन्याय ही होगा। इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि ससुराल में पत्नी का रहना मात्र, अपने आप में उसे पति के नाम पर मौजूदा संपत्तियों पर मालिक होने का अपराजेय अधिकार प्रदान नहीं कर सकता है। इसके लिए ठोस साक्ष्य और घरेलू योगदान को स्थापित करना जरूरी है। न्यायालय की यह टिप्पणी बहुत जरूरी बात लिए है। असल में देश की बहुत सी गृहिणियों की यही स्थिति है कि वे श्रम शक्ति में भागीदारी निभाने के बावजूद संपत्ति के अधिकार से वंचित हैं। अब जरूरी है कि उनकी आर्थिक भागीदारी की अहमियत हर मोर्चे पर पहचानी जाए और उन्हें उनका हक मिले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति का बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
**प्रेरणा**

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जोसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया। परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया। परिवार की भी बात रह गई।

## यमुनोत्सव



यमुना अभियान के तहत यमुनोत्सव 2025 के पहले दिन, रविवार को नई दिल्ली में यमुना के किनारे वासुदेव घाट पर पारंपरिक कपड़े पहने महिलाएं पूजा-पाठ करने के लिए इकट्ठा हुईं।

## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

हाल के वर्षों में दिल के बढ़ते रोग हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

- सूरज विश्वकर्मा, बिलासपुर

## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ

साहित्यकार और शिक्षाविद रामदरश मिश्र जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। उनका जाना हिंदी और भोजपुरी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### सशक्त बना रहे

शिलांग स्थित मशरूम विकास केंद्र का दौरा करके सचमुच बहुत खुशी हुई। मैंने देखा कि कैसे नवाचार और उद्यम जीवन बदल रहे हैं, किसानों को सशक्त बना रहे हैं, रोजगार पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भर उत्तर पूर्व का निर्माण कर रहे हैं।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री



### भाजपा-कांग्रेस एक

भाजपा और कांग्रेस अब एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के जाइंट धंधे हैं, साथ में बिजनेस करते हैं। इसलिए कांग्रेस नहीं चाहती कि भाजपा की सरकार जाए। सोचिए जेल सिर्फ आम आदमी पार्टी वाले ही क्यों जाते हैं, कांग्रेस वाले क्यों नहीं?

-अरविंद केजरीवाल, आप नेता



### मेरे पहले हीरो शाहरुख

दिलों के सच्चे बादशाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे पहले हीरो शाहरुख खान रोमांस की असली कला सिखाने वाले हैं। आपके उत्तम स्वास्थ्य, खुशी, प्यार और सफलता की कामना है।


-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री



## करंट अफेयर

# द. चीन सागर में दृढ़तापूर्वक मुकाबला करे आसियान

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अपील की है कि वे दक्षिण चीन सागर में चीन की अस्थिर करने वाली बढ़ती गतिविधियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार रहें और अपनी समुद्री सेनाओं को मजबूत बनाएं। हेगसेथ ने हालांकि इसके कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर चीन के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका-चीन संबंध कभी इतने अच्छे नहीं रहे और दोनों पक्षों ने सीधे तौर पर सैन्य संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। शनिवार को मलेशिया में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के अपने समकक्षों के साथ हुई बैठक में हेगसेथ ने विवादित जल क्षेत्रों में चीन की आक्रामकता को लेकर अमेरिका की चिंताओं को दोहराया और जहाजों को टक्कर मारने जैसी घटनाओं का हवाला दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन का उकसाने वाला व्यवहार उसके पड़ोसियों की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। हेगसेथ ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन के व्यापक क्षेत्रीय एवं समुद्री दावे शांतिपूर्ण तरीके से विवादों को सुलझाने के वादों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। संघर्ष नहीं चाहते लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चीन आप पर या किसी और पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश न करे।



## ऑफ बीट

# कृषि ड्रोन विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं

पिछले एक दशक में ड्रोन रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा और निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ड्रोन ने लोगों के खाद्य उत्पादन के तरीके को भी बदलना शुरू कर दिया है। कृषि और ग्रामीण विकास का अध्ययन करने वाले सामाजिक वैज्ञानिकों के रूप में हमारे शोध में, हमने यह दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया कि कृषि ड्रोन दुनियाभर में कहां-कहां उड़ान भर चुके हैं, वे क्या कर रहे हैं और वे इतनी तेजी से इतनी दूर तक क्यों पहुंच गए हैं। हमने यह भी पता लगाया कि इन बदलावों का किसानों, पर्यावरण, जनता और सरकारों के लिए क्या अर्थ है। कुछ साल पहले तक कृषि ड्रोन महंगे, छोटे और इस्तेमाल में मुश्किल होते थे, जिससे किसानों के लिए उनका आकर्षण सीमित था। इसके विपरीत, आज के मॉडल खरीद के तुरंत बाद उड़ाए जा सकते हैं और 220 पाउंड (100 किलोग्राम) तक का भार उठा सकते हैं - जो उर्वरक की दो बोरियों के बराबर है। करों, शुल्कों और नौ-परिवहन लागतों के कारण इनकी कीमतें अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती हैं। अमेरिका में, एक ड्रोन मालिक को उसी उपकरण के लिए 20,000 से 30,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसे चीन का एक किसान 10,000 अमेरिकी डॉलर से भी कम में खरीद सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## हाजीपुर में चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा

# एनडीए पांच पांडवों की तरह, बिहार में हम नहीं आने देंगे जंगल राज हमारे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, सभी के बीच लड़ाई चल रही : शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए पांच पांडवों की तरह है और हम राज्य में किसी भी कीमत पर जंगलराज नहीं आने देंगे। हाजीपुर में आगामी चुनावों के लिए एनडीए के अभियान के तहत एक रैली में बोलते हुए शाह ने कहा कि हमारे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, सभी के बीच लड़ाई चल रही है। उन्होंने विपक्ष की बिहार को एकजुट रखने की क्षमता पर सवाल उठाया, जब वे अपने ही गठबंधन के भीतर एकता बनाए नहीं रख सकते। शाह ने विपक्ष पर जंगल राज के दिनों को वापस लाने की चाहत रखने का आरोप लगाया और ज़ोर देकर कहा कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बिहार को एक समृद्ध राज्य बना सकते हैं।



शाह ने बिहार के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें महुआ में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना और 1243 एकड़ में एक बड़ा औद्योगिक पार्क शामिल है, जिससे हज़ारों लोगों को रोज़गार मिलेगा। शाह ने राज्य में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनमें कच्ची दरगाह, बिदुपुर में छह लेन का गंगा पुल, गांधी सेतु का पुनर्निर्माण, बेतिया-पटना राजमार्ग, गंडक नदी पर पुल, अमाश दरभंगा एक्सप्रेसवे, जो वैशाली ज़िले से होकर गुज़रेगा और वैशाली तक वंदे भारत ट्रेन सेवा शामिल है। जो गठबंधन एकजुट नहीं है, क्या वह बिहार को एकजुट रख सकता है? बिहार को एकजुट, सुरक्षित और समृद्ध रखना केवल नीतीश कुमार और मोदी जी नेतृत्व से संभव है। हाजीपुर स्व.रामविलास पासवान जी की कर्मभूमि थी। 1977 में, हाजीपुर से रामविलास पासवान सांसद बने, और उन्होंने जीत का जो कीर्तिमान स्थापित किया, वह अटूट रहा। शाह ने बिहार के लोगों से एनडीए गठबंधन का समर्थन करने और राज्य के विकास एवं समृद्धि को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की प्रगति के प्रति गठबंधन की प्रतिबद्धता और जंगल राज की वापसी को रोकने के उसके दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डाला।

### जंगलराज वाले कपड़ा,चेहरा बदल लोगों के बीच फिर से आ रहे

शाह ने राजद के शासनकाल की याद कराते हुए उसे जंगलराज बताया। आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' वाले कपड़ा और चेहरा बदलकर लोग फिर से आ रहे हैं। कशाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपना वोट किसी को विधायक या मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा, बल्कि अपना वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए दीजिएगा।

### घोषणा पत्र का भी किया जिक्र

शाह ने एनडीए के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने घोषणा पत्र में यह तय किया है कि बिहार के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी और हर जिले में मेगा स्किल सेंटर बनाया जाएगा। पीएम किसान के तहत किसानों को मोदी सरकार से मिलने वाली 6,000 की राशि को बढ़ाकर 9,000 किया जाएगा। बिहार सरकार 3,000 रुपए और जोड़ेगी और अब किसानों को सालाना 9,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख गरीबों के पक्के मकान बनाए जाएंगे तथा गरीब छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

मनोज तिवारी बोले



### आरजेडी गुंडागर्दी कर चुनाव कर रही प्रभावित

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने ट्वीट किया है कि जब वे डुमरांव अरियांव ब्रह्म बाबा स्थान पर प्रत्याशी राहुल सिंह के साथ रोड शो कर रहे थे, तभी आरजेडी समर्थकों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। वे बताते हैं कि लोग उनके स्वागत के लिए वहां मौजूद थे, लेकिन अचानक आरपजेडी के नारे लगाते हुए कुछ लोग हिंसक हो गए। मनोज तिवारी ने कहा कि टकराव बढ़ने से बचाने के लिए उन्होंने अपनी टीम की गाड़ियों को तेजी से चलाकर वहां से निकलना बेहतर समझा। उनका सवाल है कि चुनाव प्रचार के दौरान आरजेडी की ये गुंडागर्दी क्यों हो रही है और यह सही नहीं है।

## बेगूसराय में बोले लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

# अब मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार चलेगा



सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बेगूसराय में एक बड़ी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अमिताभ भूषण के समर्थन में आयोजित की गई थी।सभा के दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम बिहार में विश्वविद्यालय बनाएंगे।

### ट्रंप ने फोन किया तो उन्हें पैनिक अटैक आ गया

राहुल ने कहा कि एसआईआर बिहार में जितने वोट काटे गए, वे सभी महागठबंधन के वोट थे। राहुल के साथ वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी, आईआईपी पार्टी के नेता आईपी गुप्ता, वामदल, राजद और अन्य सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद रहे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बड़े उद्योगपतियों अंबानी और अडाणी के रिमोट कंट्रोल से संचालित हो रहे हैं।

**आज पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया**

राहुल ने कहा नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भाजपा ने आपको सस्ता डेटा दिया है ताकि आप रील देखें और रील बनाएं। लेकिन जब आप इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील देखते हैं, तो इंटरनेट का पैसा अंबानी को मिलता है। बिहार के लोग पलायन कर दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। वहां वे मेहनत करते हैं और उन राज्यों के विकास में योगदान देते हैं। यहां की सरकार ने सब चौपट कर दिया। पेपरलीक ने बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

**बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं, लेकिन यहां पिछड़े**

उन्होंने कहा कि बिहार के लोग दुनिया भर में आगे हैं लेकिन यहां पिछड़े हुए हैं। यहां की सरकार नहीं चाहती है कि बिहार के लोग आगे बढ़ें। वे यहां के लोगों की मदद नहीं करते। वे चाहते हैं कि यहां के लोग मजदूरी करते रहें। उन्होंने कहा कि दुबई जैसा शहर बिहार के लोगों ने बनाया है, लेकिन वे यहां कुछ नहीं कर पाते।

**गलत जीएसटी और नोटबंदी से छोटा व्यापार बंद हो गया**

उन्होंने केंद्र सरकार पर गलत जीएसटी लागू करने और नोटबंदी करने को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि इससे छोटा व्यापार बंद हो गया। हमारी सोच है कि यहां छोटे-छोटे व्यापार शुरू हों और लोगों को रोजगार मिल सके।

**चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटा**

उन्होंने महागठबंधन की जीत का दावा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने महागठबंधन के वोटरों को काटकर बाहर निकाला है।

## तेजस्वी यादव का आरोप

### भाजपा रिश्वत बांट रही और आयोग चुप क्यों?



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव के बीच एक बड़ा बयान देते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या चुनाव आयोग अब मर चुका है?तेजस्वी का आरोप है कि इस बार भाजपा हार के डर से लोगों को 10 हजार रुपए की रिश्वत बांट रही है, और ये पैसा किसी निजी फंड से नहीं, बल्कि गरीब बिहार के सरकारी खजाने से दिया जा रहा है। भाजपा लोगों को प्रलोभन दे रही है।

## दुलारचंद के पौत्र ने कहा- न्याय नहीं मिला

### कोर्ट ने अनंत को 14 दिन के लिए जेल भेजा



मोकामा विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाईटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह की गिरफ्तार कर पटना में रखा गया है। रविवार सुबहर से दोपहर 12 बजे तक पटना एसएसपी ऑफिस के रंगदारी सेल में उनसे पूछताछ चली। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें सेल में रखा गया है। यहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पटना पुलिस उन्हें रिमांड पर नहीं लेगी। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### नारकंडा के पास खाई में गिरा वाहन, 29 घायल



**शिमला।** नारकंडा के पास शनिवार देर रात एक टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गई। ट्रैवलर में 32 लोग सवार थे। हादसे में 29 घायल हुए हैं, जिनमें से 17 को आईजीएमसी रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार कुमारसैन अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। लोग रिकांगपिओ से नेपाल जा रहे थे।

### ओडिशा एसआई भर्ती घोटाले का प्रमुख अरेस्ट



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की सीआईडी-क्राइम ब्रांच ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड शंकर प्रुष्टि को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे प्रुष्टि को उत्तराखंड पुलिस की मदद से पकड़ा गया और रविवार सुबह ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया।

### धारा-पोरिए गांव में पहली बार जला बल्ब, लोग खुश



**शिमला।** सैंज घाटी का दुर्गम गांव धारा-पोरिए। यहां रात का मतलब अब तक सिर्फ अंधेरा था। तीन पीढ़ियां मोमबत्ती, लालटेन और सूरज की रोशनी के सहारे जिंदगी चलाती रहीं। बिजली न होने से पूरा गांव बच्चों की पढ़ाई से लेकर बुजुर्गों की सुरक्षा तक जूझता रहा। अब धारा-पोरिए गांव में बिजली का पहला बल्ब जला।

### चंडीगढ़ के सबसे बड़े मॉल पर चला बुलडोजर



**चंडीगढ़।** यहां के सबसे बड़े मॉल में प्रशासन की तरफ से बुलडोजर एक्शन लिया गया है। रविवार सुबह ही इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के नेक्सस एलांते मॉल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 35,040 स्क्वॉयर फीट एरिया में बिल्डिंग वॉयलेशन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया था, अब इस पर कार्रवाई की गई है।

## बिहार विधानसभा चुनाव पर कानपुर में बोले सीईसी ज्ञानेश कुमार

# हिंसा बर्दाश्त नहीं, आयोग के लिए सभी दल एक समान, पारदर्शिता का दिलाया भरोसा

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कार्यक्रम में पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा बिहार चुनाव में, राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है।

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी पहुंचे, जिन्होंने बिहार चुनाव पर बात की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में, हर राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से चुनाव लड़ रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए कोई सत्ता पक्ष या विपक्ष नहीं है। सभी समान हैं।छ मैं बिहार के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं। चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर मनाएं और वोट डालने जरूर आएं।चुनाव आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि हिंसा के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है। हिंसा की कोई भी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम मतदाता अपनी इच्छानुसार शांतिपूर्वक और पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाएं। चुनाव आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। बिहार के ये चुनाव न केवल पारदर्शिता, बल्कि दक्षता, सादगी और उत्सवपूर्ण माहौल का उदाहरण बनेंगे।

**हमारे लिए कोई सत्तापक्ष या विपक्ष नहीं**

माथुर वैश्य समाज की ओर से आर्य नगर स्थित स्पोर्ट्स हब में सम्मान समारोह



कानपुर। आयोजन में सीईओ ज्ञानेश कुमार ने शिरकत की।

### बिहार में चुनावी बवाल पर भड़के

बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ और सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी भी राजनीतिक दल के साथ पक्षपात नहीं करता। सभी दल उसके लिए एक समान हैं। इस अपील के जरिए आयोग ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और उत्सवपूर्ण मतदान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'बिहार चुनाव में हर राजनीतिक दल अपने-अपने अंदाज में प्रचार कर रहा है और मतदाताओं से अपील कर रहा है। मैं दोबारा साफ कर देना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए न सत्ता पक्ष है, न विपक्ष। सभी पार्टियां बराबर हैं।' यह बयान राजनीतिक दलों के बीच बढ़ती तनातनी के बीच आयोग की निष्पक्षता को रेखांकित करता है।

## मतदाताओं से की विशेष अपील

### चुनाव को उत्सव बनाएं, वोट जरूर डालें

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार के सभी मतदाताओं से दिली अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार के हर मतदाता से अनुरोध करता हूं । आइए, चुनाव के इस उत्सव को हम सब मिलकर सजाएं और वोट डालने जरूर पहुंचें।' कुमार को पूरा विश्वास है कि लोग बड़ी तादाद में मतदान केंद्रों पर आएंगे। उन्होंने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि मतदाता भारी संख्या में वोट डालेंगे।




### हिंसा पर जीरो टॉलरेंस कोई समझौता नहीं

चुनाव आयोग ने हिंसा के खिलाफ अपनी सख्त नीति को दोहराया। ज्ञानेश कुमार ने चेतावनी दी कि आयोग की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। कोई भी हिंसक घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम मतदाता शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अपनी मर्जी से वोट डाल सके, यही हमारा लक्ष्य है। यह कदम चुनावी सरगर्मियों के बीच सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है।

### चुनाव पूरी तरह तैयार: पारदर्शिता और दक्षता का विश्व उदाहरण

ज्ञानेश ने बताया कि बिहार चुनाव न सिर्फ पारदर्शी होंगे, बल्कि दक्ष, सरल और उत्सवपूर्ण माहौल वाले भी। ये चुनाव पारदर्शिता, दक्षता, सादगी और उत्साह का मिसाल बनेंगे न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं ताकि मतदान प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के संपन्न हो।

**बढ़ती सरगर्मियां और आयोग की प्रतिबद्धता**

बिहार में राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला जोरदार है। एनडीए और महागठबंधन समेत सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार में जुटी हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की यह अपील मतदान प्रतिशत बढ़ाने और हिंसा रोकने के लिए बेहद अहम है।

**बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा**

इस चुनावी मौसम में बिहार के मतदाताओं की भागीदारी ही राज्य की नई राजनीतिक दिशा तय करेगी। चुनाव आयोग की मजबूत तैयारियों और अपील से उम्मीद जगी है कि बिहार एक बार फिर लोकतंत्र का शानदार उत्सव मनाएगा।

## पूर्व सीजेआई रमना का बड़ा खुलासा

# मुझे मजबूर करने परिवार पर दर्ज कराए गए थे केस



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

पूर्व सीजेआई एनवी रमना ने वीआईटी-एपी यूनिवर्सिटी के 5वें कॉन्वोकेशन में कहा कि आप सभी जो यहां मौजूद हैं, आप में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि कैसे मेरे परिवार को टारगेट किया गया और उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किए गए। यह सब सिर्फ मुझे मजबूर करने के लिए किया गया था, और मैं अकेला नहीं था।

पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा है कि उन्हें मजबूर करने के लिए उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। जस्टिस रमना ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि न्यायपालिका के वे सदस्य भी जिन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया, उन्हें दबाव और जुल्म का सामना करना पड़ा। जिन जजों की कोई भूमिका नहीं थी, उनके परिवार राजनीतिक संगठनों के लिए जमानती बन गए।

### कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब कई पॉलिटिकल लीडर कोई स्टैंड लेने या चुप रहने में हिचकिचा रहे थे, यह देश के जज, वकील और कोर्ट थे जो अपने कॉन्स्टिट्यूशनल वादे पर डटे रहे। सरकारें भले ही बदल जाएं, कोर्ट और कानून का राज स्टेबिलिटी का सहारा बने रहते हैं। और कानून का राज तभी बचता है जब लोग पब्लिक में अपना भरोसा दिखाते हैं, सुविधा के लिए अपनी ईमानदारी छोड़ने से मना करते हैं। अमरावती से अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि मैं अमरावती के किसानों के जज़्बे को सलाम करता हूं, जिन्होंने हिम्मत से सरकारी सिस्टम की ताकतों का सामना किया। मुझे किसानों के संघर्ष से बहुत प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें ज्यूडिशियल सिस्टम और डेमोक्रेटिक प्रोसेस पर भरोसा दिखाने के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

### किसानों के मुद्दों पर डराया गया

मैं अकेला नहीं था। उस मुश्किल दौर में, किसानों के मुद्दे से हमदर्दी रखने वाले सभी लोगों को डराया-धमकाया गया और जबरदस्ती का सामना करना पड़ा। जस्टिस रमना उस समय की वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ किसानों के आंदोलन का जिक्र कर रहे थे, जिसमें आंध्र प्रदेश की अकेली राजधानी अमरावती को खत्म करके '3 राजधानियों' का फ्रॉर्मूला अपनाया गया था, जिसमें विशाखापत्तनम एडमिनिस्ट्रेटिव राजधानी, अमरावती-लेजिस्लेटिव राजधानी और कुरनूल-ज्यूडिशियल राजधानी होगी।

## पीएम-सीएम से पॉल्यूशन पर बोलीं प्रियंका

# राजनीतिक मजबूरियों से ऊपर उठकर एकजुट हों 'माननीय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है।



प्रियंका ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं।

प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे। साल दर साल दिल्ली के नागरिक इस ज़हरीलेपन का शिकार होते हैं। इस गंदी धुंध को दूर करने के लिए तुरंत काम करने की जरूरत है। प्रियंका ने इस मामले पर तुरंत कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम रेखा गुप्ता से अपील की है।

## सीट बंटवारे पर हुए तकरार से महागठबंधन अपने 'बेस्ट' में नहीं

# राहुल-तेजस्वी के बीच वो 'केमिस्ट्री' गायब,जो दिखा था वोट अधिकार यात्रा के दौरान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के भीतर सीट बंटवारे को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। बिहार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के बीच मतभेद तेज़ हो गए हैं, जिससे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के बीच रिश्तों में भी तनातनी की स्थिति बन गई है। अगस्त में राहुल ने तेजस्वी को ड्राइविंग सीट पर बिठाया था। तब सीएम प्रत्याशी तेजस्वी ने राहुल को बड़ा भाई बताया था। उस समय दोनों के बीच बेहद गर्मजोशी दिखी। तब से अब तक बिहार चुनाव में टिकट वितरण तक काफ़ी पानी बह गया है। बताया जा रहा है कि राहुल ने गठबंधन धर्म निभाते हुए भले ही तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करने में रजामंदी दी हो लेकिन टिकट बंटवारे में कांग्रेस को उचित हिस्सेदारी नहीं मिलने पर राहुल नाराज हैं। यही वजह है कि महागठबंधन के साथी दलों के नेता एक साथ चुनाव प्रचार में अब तक नजर नहीं आए। तेजस्वी के साथ राहुल ने अब तक केवल एक रैली की जबकि पहले चरण के चुनाव को महज 4दिन बचे हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि आगामी 9 तारीख को दोनों नेता एक बार फिर एक मंच पर दिख सकते हैं। राहुल तेजस्वी को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने वाली बैठक में नहीं आए। घोषणा पत्र जारी करने वाले कार्यक्रम से ख़ुद को दूर रखा। यही वजह है कि वे केवल कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनावी सभाओं तक ख़ुद को सीमित रखा हुआ है ।

महागठबंधन के प्रत्याशी एक दूसरे के ख़िलाफ़ 12 सीटों पर आमने-सामने हैं। बछवाड़ा, नरकटियगंज, बाबुबरही, वैशाली, राजपाकर, कहलगांव, बिहारशरीफ और सिकंदरा ऐसी सीटें हैं जिन पर फ्रेंडली फाइट के नाम पर कांग्रेस प्रत्याशियों के सामने राजद, वामदल, वीआईपी जैसे महागठबंधन के साथी दल सामने सामने हैं। जाहिर है इन सीटों पर विपक्षी वोटों के बंटवारे का फ़ायदा राजग प्रत्याशियों को होने की पूरी संभावना है । बछवाड़ा सीट को लेकर राहुल वाम नेताओं से भी नाराज बताए जा रहे हैं। इस सीट पर सीपीआई माले ने अपना उम्मीदवार दिया है। महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य का कहना है कि पिछले चुनाव में हमारा प्रत्याशी महज 423 वोटों से हारा था उस सीट पर कांग्रेस का दावा कैसे हो सकता है?माले ने साफ़ कहा कि विपक्षी दलों को "सीटों पर आपसी सम्मान और तालमेल" बनाए रखना चाहिए था, जिससे भाजपा को लाभ न मिले। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि राजद सीटें अपने पास रखकर गठबंधन की भावना को कमजोर कर रही है। वहीं तेजस्वी कांग्रेस को 'जमीनी ताकत से कमजोर' दल मानते हैं और बिहार में उनका प्रभाव सीमित है। राहुल ने अपने ख़ास सिपहसालार कृष्ण अल्लावरु को प्रभारी बना कर भेजा था। वो भी लक्ष्य तक पार्टी को पहुंचाने में नाक़ायाब रहे। उनके ख़िलाफ़ पार्टी के अंदर ही जबरदस्त गुस्सा ऐसा पनपा कि आलाकमान ने उनसे युवक कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी से हटा दिया। माना जा रहा चुनाव के बाद उन्हें प्रभारी पद से भी मुक्त कर दिया जाएगा। बहरहाल, नेताओं का आरोप ये है कि वोट अधिकार यात्रा से बने "मोमेंटम" को चुनाव तक जारी रखने के डिज़ाइन में कांग्रेसी रणनीतिकार पूरी तरह चूके।

# तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाएं छात्र : राष्ट्रपति

पतंजलि विवि के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बोलीं द्रौपदी मुर्मू

64% स्वर्ण पदक छात्राओं को बेटियां विकसित भारत का आधार

राज्यपाल बोले, पतंजलि विवि ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया

-सीएम बोले, सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड निर्माण के संकल्प में छात्रों की अहम भूमिका स्वामी रामदेव ने कहा, पतंजलि विवि का हर विद्यार्थी 'जॉब सीकर' नहीं बल्कि 'जॉब क्रिएटर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार



पतंजलि विश्वविद्यालय में आज आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं शोधार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करने वाले भाग्यशाली विद्यार्थियों में साध्वी देवपूजा, देवेन्द्र सिंह (स्वामी इन्द्रदेव), मानसी (साध्वी देववाणी), अजय कुमार (स्वामी आर्षदेव), रीता कुमारी (साध्वी देवसुधा), शालू भदौरिया (साध्वी देवशीला), अंशिका, प्रीति पाठक, पूर्वा तथा मैत्रेई रहे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस दीक्षांत समारोह में 64 प्रतिशत स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यही बेटियां भारत का गौरव बढ़ा रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आज समय आ गया है कि देश की 140 करोड़ जनता की आशाओं को साकार करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो। यदि बेटियां पीछे रह जाएंगी तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के क्षेत्र में पतंजलि ने जो कार्य किया है, वह महर्षि पतंजलि की परंपरा को आगे बढ़ाने का महान प्रयास है।

## पतंजलि विश्वविद्यालय का प्रयास गौरव का विषय

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को लागू कर उत्तराखंड को शोध, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड के निर्माण के इस संकल्प में पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## पतंजलि विश्वविद्यालय योगदान अभूतपूर्व

विशिष्ट अतिथि एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से पतंजलि ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि आज के युवा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, आयुर्वेद और अध्यात्म को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी तभी सफल माने जाएंगे जब उनका ज्ञान और शिक्षा समाज के कल्याण में प्रयुक्त होगी।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया

कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह नीति शिक्षा को रोजगारपरक, बहुविषयक और मूल्य-आधारित बनाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 3.48 ग्रेड पॉइंट के साथ A+ ग्रेड प्राप्त किया है, जो इस संस्थान की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शुल्कमुक्त शिक्षा प्रणाली और मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट दी जाती है।

## 1424 विद्यार्थियों को उपाधियां दी

दीक्षांत समारोह में कुल 1424 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 54 स्वर्ण पदक विजेता, 62 शोधार्थी (पीएच.डी.), 3 डीलिट उपाधिधारी, 744 स्नातक और 615 परास्नातक विद्यार्थी शामिल रहे।कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय तथा पतंजलि योगपीठ परिवार से सम्बद्ध सभी वरिष्ठ सदस्य, अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी व संन्यासी भाई-बहन उपस्थित रहे।

■ भारत ने जनवरी से सितंबर में 12 .24 करोड़ टन कच्चे इस्तात का उत्पादन किया

■ इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं

### चीन ने जनवरी-सितंबर अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया

# विनिर्माताओं की मांग, इस्पात आयात रोकने के लिए और उपाय करे सरकार

### चीन का यह उत्पादन भारत के घरेलू उत्पादन से छह गुना से अधिक है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस्पात विनिर्माताओं ने सरकार से चीन सहित चुनिंदा देशों से बढ़ते आयात पर लगाम लगाने के लिए और कदम उठाने का आग्रह किया है। चीन ने जनवरी-सितंबर की अवधि में 74.63 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन का छह गुना से भी अधिक है।

वैश्विक निकाय विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) के अनुसार, भारत ने जनवरी-सितंबर में 12.24 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। जबकि अकेले सितंबर में चीन ने 7.35 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है, जो घरेलू उत्पादन 1.36 करोड़ टन का पांच गुना है।

## भारत 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा

बाजार के आंकड़ों के अनुसार, स्टेनलेस स्टील भी 75 लाख टन की कुल स्थापित क्षमता के 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग तक नहीं पहुंच पा रहा है। आयात के प्रभाव के कारण यह केवल 60 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता की रक्षा के लिए आयात पर अंकुश लगाने के कई उपाय किए हैं।

## स्टेनलेस स्टील ने भी आयात की जांच के लिए की मांग

*मार्च में, वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत अस्थायी रक्षोपाय (सेफगार्ड) शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। इसके बाद स्टेनलेस स्टील उद्योग ने भी स्टेनलेस स्टील के आयात की जांच के लिए सरकार से संपर्क किया ।*



## जून में जारी क्यूसीओ ने लगाया था कुछ प्रतिबंध

पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात मंत्रालय ने 100 से ज्यादा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं, जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का अनुपालन नहीं करने वाले इस्पात उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश से रोकते हैं।

**देश लगातार छह माह शुद्ध आयातक रहा**
देश लगातार छठे महीने शुद्ध इस्पात आयातक बना रहा। दक्षिण कोरिया, रूस और इंडोनेशिया से आयात बढ़ा, जबकि चीन, जापान, वियतनाम, थाइलैंड और ताइवान की हिस्सेदारी में सितंबर, 2024 की तुलना में गिरावट आई।

**क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जाए :** घटिया और सस्ती सामग्री को देश में आने से रोकने के लिए क्यूसीओ की वैधता बढ़ाई जा सकती है।

## कम आयात कीमतों के कारण

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस्पात आयात में वृद्धि की ओर इशारा किया है, जो मुख्यतः कम आयात कीमतों के कारण है। इसने घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन का भी आह्वान किया है। इस साल सितंबर में, भारत ने 7.9 लाख टन तैयार इस्पात का आयात किया, जो अगस्त के 6.9 लाख टन से अधिक है।

## घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आई

एक सूत्र ने बताया कि नीति आयोग की एक उच्चस्तरीय समिति अगले सप्ताह आयात के मुद्दे पर इस्पात उद्योग के दिग्गजों से मुलाकात कर सकती है।'बिगमिंट' के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गईं।

# जीएसटी कटौती से छोटी कारों की बिक्री में आई तेजी : मारुति



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से छोटी कारों की मांग में आई तेजी दर्शाती है कि भारतीय उपभोक्ताओं के अब छोटी कारों की जगह बड़े आकार वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा बदल रही है।भार्गव ने कहा कि बदले हुए हालात में कुछ कार विनिर्माता कंपनियां अपने उत्पादों की पेशकश में संशोधन कर सकती हैं। भार्गव ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि मारुति सुजुकी अपनी पांचवें विनिर्माण संयंत्र की स्थापना का फैसला करने के करीब है और अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा की जा सकती है।

■ बदले हुए हालात में कुछ निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों में संशोधन कर रही

## 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता पर 28 फीसदी जीएसटी

जीएसटी दरों में संशोधन के बाद 1,200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहनों पर जीएसटी कर की दर 28 प्रतिशत एवं उपकर से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। भार्गव ने अक्टूबर महीने के बिक्री प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा, /"इस दौरान ''18 प्रतिशत जीएसटी'' वाली श्रेणी में हमारी खुदरा बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## अब भी लोग छोटी कारें खरीदना चाह रहे

भार्गव ने कहा कि अब भी बहुत से लोग छोटी कारें खरीदना चाहते हैं ताकि वे बेहतर निजी आवागमन का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा, ''मारुति में लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन '18 प्रतिशत जीएसटी' श्रेणी में होता है। अब हमें उत्पादों के मिश्रण में बदलाव देखने को मिलेगा।'' भार्गव ने कहा कि इस श्रेणी के वाहनों की खुदरा बिक्री 40 प्रतिशत जीएसटी वाले वाहनों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी।

## त्योहारों पर खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही

जीएसटी दरों में कमी के समग्र वाहन बिक्री पर पड़े प्रभावों पर उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2030-31 के लिए अपने उत्पादन और बिक्री अनुमान में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, /"त्योहारों के दौरान हमारी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिसमें छोटी कारों की बिक्री का प्रमुख योगदान रहा। बड़ी कारें भी बिक रही हैं, लेकिन उतनी ज्यादा नहीं।/"

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## इंडियन ऑयल ने एम्स, नई दिल्ली में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर सतर्कता जागरूकता फैलाई



**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल ने सतर्कता जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिष्ठित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) एम. श्रीनिवास, निदेशक, एम्स, नई दिल्ली; डॉ. गिरिजा प्रसाद रथ,रजिस्ट्रार, एम्स; इंडियनऑयल उत्तरी क्षेत्र के श्री जे. के. राणा कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय सेवाएँ),और श्री अमित श्रीवास्तव मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) ने किया। इसके अलावा, एम्स, इंडियनऑयल के वरिष्ठ अधिकारी और छात्र भी इस अवसर पर उपस्थित थे।यह चित्रकला प्रतियोगिता सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के भाग के रूप में इंडियनऑयल की एक पहल थी। इस कार्यक्रम में 130 से अधिक एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने अपनी रचनात्मक कलाकृतियों के माध्यम से सतर्कता के विषय को व्यक्त किया।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, एम्स के निदेशक ने इस सार्थक कदम के लिए इंडियन ऑयल को बधाई दी और भविष्य में इस तरह की और भी संयुक्त गतिविधियों के आयोजन में अपनी रुचि व्यक्त की।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के गुरुग्राम अंचल स्थित आंचलिक कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया



**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र के गुरुग्राम अंचल स्थित आंचलिक कार्यालय ने हाल ही में 27 अक्टूबर 2025 से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ₹सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी₹ की थीम के अनुरूप, सार्वजनिक व्यवहार में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी को बढ़ावा देना था। इस सप्ताह के दौरान, शपथ ग्रहण समारोह, निबंध प्रतियोगिताएँ, साइबर सुरक्षा और सतर्कता पर ग्राहक शिक्षा, पैनल अधिवक्ताओं, मूल्यांकनकर्ताओं जैसे अन्य हितधारकों के साथ सतर्कता जागरूकता सेमिनार और सतर्कता जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही, 31.11.2025 को एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सार्वजनिक जीवन में सतर्कता और ईमानदारी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई। वॉकथॉन को सेक्टर-32, गुरुग्राम स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और राजीव चौक, गुरुग्राम में इसका समापन हुआ।

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# एसबीआई व बॉब सहित देश के सभी बैंकों के डोमेन नेम बदले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

31 अक्टूबर 2025 से हमारी बैंकिंग प्रणाली में बहुत बड़ा बदलाव हो गया है। यह बदलाव साइबर अपराधों से लेकर ऑनलाइन ठगी को रोकने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। आज से भारतीय बैंकिंग की नई पहचान आ गई है। आपको ऐसा कोई चेंज सामने से नजर नहीं आ रहा होगा। आएगा भी नहीं क्योंकि आप और हम तो बैंक के ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। दरअसल चेंज हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों की वेबसाइट में। बैंक की वेबसाइट अब डॉट काम या डॉट इन नहीं रह गई हैं। आरबीआई ने सभी को डोमेन बदलने कहा था।

## डॉट वेबसाइट का पता बताता है

डोमेन को वेबसाइट तक जाने का दरवाजा समझ लीजिए। एक डोमेन के दो भाग होते हैं। इसमें एक होता है टॉप-लेवल डोमेन (टीएलडी)। कुछ सामान्य टीएलडी उदाहरण हैं- डॉटकाम (कॉमर्शियल), डॉटओआरजी (संगठन), डॉट नेट(नेटवर्क), डॉट गवर्न (सरकार), डॉट ईडीयू (शिक्षा), डॉट यह वेबसाइट के प्रकार का पता बताता है। दूसरा होता है- सेकंड-लेवल डोमेन (एसएलडी) यह टॉप-लेवल डोमेन के नीचे आता है और वेबसाइट का स्पेशल नाम होता है।




**डुप्लिकेट बनाना आसान है :** *अब बताते कि बैंक डॉट इन या फिन डॉट इन का क्या फायदा होगा. डॉट कॉम ग्लोबल लेवल पर और डॉट इन इंडिया के लेवल पर बहुत कॉमन हो चला है। हर वेबसाइट के पीछे यही लिखा होता है। इसकी वजह से इसका डुप्लिकेट बनाना कोई बड़ी बात नहीं। कितने ही केस हैं जहां एसबीआई डॉट इन के ऊपर एक नकली परत चढ़ाकर ठगी की गई। अब क्योंकि इनको नई पहचान मिल गई है तो उम्मीद है इस पर लगाम लगेगी।*

## अपना डोमेन

बैंक की वेबसाइट के आखिर में 'बैंक डॉट इन' लग जाने की वजह से आरबीआई का वो सर्कुलर है जो 21 अप्रेल 2025 को जारी हुआ था। केंद्रीय बैंक ने देश के सभी बैंकों को अपना डोमेन बदलने के लिए कहा था। इसमें देसी से लेकर विदेशी बैंक भी शामिल हैं। आरबीआई के मुताबिक इस बदलाव का उद्देश्य साइबर सुरक्षा में सुधार, धोखाधड़ी को कम करना और डिजिटल बैंकिंग में जनता का विश्वास बढ़ाना है। आपका और हमारा क्या फायदा होगा, उसके पहले जरा सा डोमेन का मतलब जान लेते हैं। जैसे हमारे घर या ऑफिस का पता होता है, वैसे ही इंटरनेट की दुनिया में 'डोमेन' एक खास वेबसाइट, सर्विस, या डिवाइस की पहचान करने के लिए एक यूनिक नाम होता है।

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail - npkharora@gmail.com

**// तृतीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//**

क्रमांक / 2496 / न.प./ लो.नि.वि./2025-26 खरोरा, दिनांक 30.10.2025


नगर पचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 178400 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (3rd Call) | 187.55 | 11-11-2025 (Time 5.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 6036




**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6035 का हल







**भारत ने रचा इतिहास, जीत लिया महिला वनडे वर्ल्ड कप : दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया**

**87 रन बनाने के बाद 2 विकेट लेने वालीं शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं**

**दीप्ति शर्मा ने 58 बनाए और पांच विकेट झटके भारत ने पहले बल्लेबाजी कर 298/9 रन बनाए**

नारी शक्ति का परचम, भारत ने पहली बार जीता विश्व कप

# बेटियों ने जीत लिया हर 'मन'

स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाए। 2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, लेकिन इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया। 2025 में टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराया, लेकिन इस बार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी जीत ही ली।

भाषा ▶▶| नवी मुंबई

भारत ने शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से रविवार को यहां महिला आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत कर इतिहास रच दिया। शेफाली ने पारी का आगाज करते हुए 78 गेंद में 87 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद अपनी स्पिन गेंदबाजी से सुने लुस और मारिजान काप (चार) जैसी अनुभवी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई तो वहीं बीच के ओवरों में विकेटों के पतन के बीच 58 गेंद में 58 रन का योगदान देने वाली दीप्ति ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ने वाली दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (101) सहित पांच विकेट झटकर मैच का पासा पलट दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 298 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 246 रन पर रोककर इस टूर्नामेंट के इतिहास में 52 साल के सूखे को खत्म किया। वोल्वार्ड्ट 41वें ओवर तक एक छोर से डटी रही लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट के पतन से जरूरी रनगति बढ़ने से दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों पर दबाव हावी हो गया। दीप्ति की गेंद पर जैसे ही हरमनप्रीत ने नाडिन डि क्लार्क (18) का कैच पकड़ा वैसे ही दर्शकों की नीली जर्सी के समंदर से पटे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गयी। भारतीय खिलाड़ियों ने भावनाओं पर काबू रखने की कोशिश की लेकिन पूरा स्टेडियम जब 'वंदेमातरम, मां तुझे सलाम और लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो'.. गाने को एक सुर में गाना शुरू किया तो यहां मौजूद किसी के लिए भी भावनाओं को काबू में रखना मुश्किल था। स्टेडियम में मौजूद पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और वीवीएस लक्ष्मण भी भारतीय तिरंगे को लहराते दिखे। शानदार लय में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल होने से टीम में आई शेफाली ने कहा था कि शायद भागवन ने उनके लिए कुछ अच्छी योजना बनाई है। उन्होने सेमीफाइनल में कम स्कोर की निराशा को पीछे छोड़ते हुए फाइनल में इसे सही साबित किया तो वहीं दीप्ति ने भी टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने के साथ 200 से अधिक रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45) और विकेटकीपर रिचा घोष (24 गेंद में 34 रन) ने अहम योगदान दिये। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा सधे हुए अंदाज में शुरू किया, ताजमिन ब्रिट्स (35 गेंद में 23 रन) ने क्रांति गौड़ के खिलाफ चौके से हाथ खोलने के बाद रेणुका सिंह की गेंद पर छक्का जड दिया। लौरा वोल्वार्ड्ट आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी अमनजोत कौर के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके के साथ पिछले मैच की शानदार पारी को आगे बढ़ना जारी रखा। ब्रिट्स ने अगले ओवर में दीप्ति पर चौके साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी लेकिन ब्रिट्स रन चुराने की कोशिश में अमनजोत के शानदार थ्रो पर रन आउट हो गयी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन की शानदार पारी खेलने वाली वोलवार्ड्ट ने दीप्ति के खिलाफ छक्का जड़ आक्रामक तेवर दिखाये।





### शेफाली ने बल्ले के साथ गेंद से भी जादू बिखेरा और दिल जीत लिया

श्री चरणी ने अपने पहले ही ओवर में ऐनेक बॉश को पगबाधा कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। सुने लुस ने दूसरे छोर से राधा के खिलाफ लगातार दो चौके लगाये वोल्वार्ड्ट के खिलाफ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की लेकिन शेफाली ने गेंद से जादू बिखरते हुए अपने शुरुआती दो ओवरों में लुस और काप को आउट कर भारत का बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने अपनी गेंद पर लुस का कैच लपकने के बाद काप को विकेट के पीछे रिचा घोष के हाथों कैच करवाया। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद शिकंजा कसना शुरू किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 22वें से 29वें ओवर तक सिर्फ 25 रन बनाये और इसका फायदा 30वें ओवर में दीप्ति शर्मा को मिला जिन्होंने सिनालो जाफ्ता (16) को राधा के हाथों कैच कराया। एनेरी डर्कसन ने राधा की नोबॉल पर छक्का लगाने के बाद फ्री हिट पर भी गेंद को दर्शको के पास भेजकर 32वें ओवर से 17 रन बटोर कर दबाव कम कर दिया। दीप्ति ने 36वें ओवर में रेणुका की गेंद पर डर्कसन का आसान कैच टपकाकर जीवनदान दिया लेकिन उन्होंने इस बल्लेबाज को 40वें ओवर बोल्ड कर छठे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी को तोड़कर ज्यादा नुकसान होने से बचा लिया।





### भारत के सामने टिक नहीं सका अफ्रीका, गिरते रहे विकेट

वोल्वार्डट ने इसी ओवर में एक रन चुराकर लगातार दूसरे मैच में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने अगले ओवर में वोल्वार्ड्ट को अमनजोत के हाथों कैच करा कर मैच में भारत का शिकंजा कस दिया। भारत के खिलाफ लीग मैच में नाबाद 84 रन की पारी खेलने वाली डि क्लार्क ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाने शुरू किये थे लेकिन दूसरे छोर से उन्होंने किसी का साथ नहीं मिला और उनके आउट होते ही भारत ने खिताबी सूखे को खत्म किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर शेफाली ने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय (106 गेंद में 104 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (37 गेंद में 24 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने धीमी होती पिच पर बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से भारत को 300 रन से अंदर रोक दिया। चोटिल सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल की जगह टीम में आयी शेफाली की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ पारी श्रीलंका के खिलाफ 2022 में 71 रन की थी। उन्होंने 21वें ओवर में सुने लुस की गेंद पर ऐनेक बॉश से मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए सात चौके और दो छक्के लगाये।

## स्कोर बोर्ड

### भारत

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| स्मृति मंधाना का जाफ्ता बो ट्रायोन | 45 |
| शेफाली वर्मा का लुस बो खाका | 87 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का वोल्वार्ड्ट बो खाका | 24 |
| हरमनप्रीत कौर बो म्लाबा | 20 |
| दीप्ति शर्मा रन आउट | 58 |
| अमनजोत कौर का एवं बो डि क्लार्क | 12 |
| रिचा घोष का डर्कसेन बो खाका | 34 |
| राधा यादव नाबाद 03 | |

**अतिरिक्त :** 12 **कुल योग :** 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन, **विकेट पतन :** 1-104, 2-166, 3-171, 4-223, 5-245, 6-292, **गेंदबाजी :** काप 10-1-59-0, खाका 9-0-58-3, म्लाबा 10-0-47-1, डि क्लार्क 9-0-52-1, लुस 5-0-34-0, ट्रायोन 7-0-46-1

### द अफ्रीका

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लौरा वोल्वार्ड्ट का अमनजोत बो दीप्ति | 101 |
| ताजमिन ब्रिट्स रन आउट | 23 |
| एनेक बॉशपगबाधा श्री चरणी | 00 |
| सुने लुस का एवं बो शेफाली | 25 |
| मरिजान काप का घोष बो शेफाली | 04 |
| सिनालो जाफ्ता का राधा बो दीप्ति | 16 |
| एनेरी डर्कसन बो दीप्ति | 35 |
| क्लो ट्रायोन पगबाधा दीप्ति | 09 |
| नाडिन डि क्लार्क का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 18 |
| आयोबोंगा खाका रन आउट | 01 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 14, कुल योग: 45.3 ओवर में सभी आउट 246 रन
**विकेट पतन :** 1-51, 2-62, 3-114,4-123, 5-148, 6-209, 7-220, 8-221, 9-246 **गेंदबाजी :** रेणुका 8-0-28-0, क्रांति 3-0-16-0, अमनजोत 4-0-34-0, दीप्ति 9.3-0-39-5, श्री चरणी 9-0-48-1, राधा 5-0-45-0, शेफाली 7-0-36-2



## खबर संक्षेप



### हाइलो ओपन से उन्नति बाहर भारत की चुनौती समाप्त

**सारब्रूकेन।** उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई। उन्नति उस भारतीय टीम का हिस्सा थीं, जिसने पिछले महीने गुवाहाटी में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक (कांस्य) जीता था।

### नॉर्थ कोस्ट ओपन सेमी फाइनल में हारीं रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांथीरा सीलान ऑस्ट्रेलिया के कॉफ्स हार्बर में चल रही 6 हजार डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला एकल के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त लोजयन गोहारी से हार गईं। तमिलनाडु की रहने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को चार गेम में हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की खिलाड़ी ने 12-10, 5-11, 11-3, 11-3 से जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। रतिका ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त बोबो लाम को हराया था।

**डब्ल्यूटीए फाइनल्स**

## स्वियातेक ने सीधे सेटों में कीज को आसानी से हराया



**रियाद।** इगा स्वियातेक ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन मैडिसन कीज को आसानी से सीधे सेटों में हरा दिया। विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को विश्व की शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता कीज को 6-1, 6-2 से हराने में एक घंटे से थोड़ा अधिक का समय लगा। कीज इस टूर्नामेंट में सेरेना विलियम्स ग्रुप में हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमांडा अनिसिमोवा और एलेना रयबाकिना को हर हाल में हराना होगा। रयबाकिना ने ग्रुप के एक अन्य मैच में अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफी ग्राफ ग्रुप में आर्यना सबालेंका, गत चैंपियन कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। विजेता के लिए पुरस्कार राशि 52 लाख 35 हजार डॉलर है।

### भारत ने सा. अफ्रीका को हराया, पंत ने खेली दमदार पारी

**बेंगलुरु।** कप्तान ऋषभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े।



**पंत और बडोनी ने की आक्रामक बल्लेबाजी :** भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज गेंदबाज ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए।

### पाक ने दक्षिण अफ्रीका से जीती सीरीज, बाबर ने लगाया अर्धशतक



**लाहौर।** बाबर आजम ने अपने करियर का 37वां अर्धशतक जमाया, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने बाबर के 46 गेंदों पर 68 रन की बदौलत 19 ओवर में छह विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 139 रन ही बना सका था। दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी में पहला मैच 55 रन से जीता था, जिसके बाद पाकिस्तान ने लाहौर में लगातार दो मैचों में जीत के साथ श्रृंखला पर 2-1 से कब्जा किया।

*ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से पीटा, सीरीज में की बराबरी, डेविड और स्टोइनिस के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर बनाए 186 रन*

## वाशिंगटन-अर्शदीप के दम पर भारत की होबार्ट में जीत

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

भारत ने होबार्ट टी20 इंटरनेशनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। वाशिंगटन सुंदर की शानदार बैटिंग और अर्शदीप सिंह की कमाल की बॉलिंग के दम पर टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया पर तीसरे मुकाबले में जीत मिली। उसके सामने 187 रन का लक्ष्य था और जिसे नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सुंदर 49 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड के 74 और मार्कस स्टोइनिस के 64 रन के दम पर छह विकेट पर 186 का स्कोर बनाया। उनके अलावा बाकी बल्लेबाज नहीं टिक पाए। अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने 3 अहम विकेट चटकाए।

### अभिषेक ने तोड़ा शिखर धवन का रिकॉर्ड

ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली थी। हालांकि तीसरे टी20 मैच में अभिषेक सिर्फ 25 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए। अभिषेक अपनी इस पारी के दम पर भी एक बड़ा कारनामा करने में कामयाब रहे, जिसमें वह टी20 इंटरनेशनल में भारत की तरफ से एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनिंग बल्लेबाज बन गए हैं, जिसमें उन्होंने शिखर धवन के साल 2018 के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया। अभिषेक जहां अभी तक इस साल कुल 705 रन बना चुके हैं तो वहीं शिखर धवन ने साल 2018 में कुल 689 रन बनाए थे।



### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का तीसरे मैच में अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट निकाले। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने वहां अब तक 7 पारियों में 13 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रविचंद्रन आश्विन का नाम है। अश्विन ने 11 पारियों में 11 विकेट हासिल किए थे। हार्दिक पांड्या ने भी ऑस्ट्रेलिया में टी-20 इंटरनेशनल में 9 पारियों में 11 विकेट निकाले हैं। जसप्रीत बुमराह की बात करें तो वह 8 पारियों में 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। तीसरे टी-20 में 3 विकेट लेकर अर्शदीप सिंह अब टॉप पर पहुंच गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का इंग्लिस बो एलिस | 25 | 16 | 2 | 2 |
| गिल पगबाधा बो इंग्लिस | 15 | 12 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एलिस बो स्टोइनिस | 24 | 11 | 1 | 2 |
| तिलक का इंग्लिस बो बार्टलेट | 29 | 26 | 1 | 1 |
| अक्षर का बार्टलेट बो एलिस | 17 | 12 | 1 | 0 |
| वाशिंगटन नाबाद | 49 | 23 | 3 | 4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 22 | 13 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:18.3 ओवर में पांच विकेट पर: 188 रन
गेंदबाजी: बार्टलेट 4-0-30-1, एबट 3.3-0-56-0, एलिस 4-0-36-3, कुहनेमन 4-0-31-0, स्टोइनिस 2-0-22-1, शॉर्ट 1-0-13-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 | 4 | 1 | 0 |
| मार्श का वर्मा बो चक्रवर्ती | 11 | 14 | 1 | 0 |
| इंग्लिस का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 7 | 0 | 0 |
| डेविड का वर्मा बो दुबे | 74 | 38 | 8 | 5 |
| ओवेन बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का स्थानापन्न बो अर्शदीप | 64 | 39 | 8 | 2 |
| मैथ्यू शॉर्ट नाबाद | 26 | 15 | 2 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 186 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-35-3 , बुमराह 4-0-26-0, चक्रवर्ती 4-0-33-2, अक्षर 4-0-35-0, शिवम 3-0-43-1, अभिषेक 1-0-13-0

### सुंदर और जितेश शर्मा ने छठे विकेट के लिए की 43 रन की साझेदारी

सुंदर और जितेश शर्मा ने मिलकर टीम की नैया पार लगा दी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 43 रन की अटूट साझेदारी की। जितेश ने विजयी चौका लगाया। वे 13 गेंद में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस 36 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

**टीम इंडिया के नाम जुड़ा यह अनचाहा रिकॉर्ड**

## फाइनल में हरमनप्रीत की तकदीर ने नहीं दिया साथ

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच महिला विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में उतरते ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की किस्मत का साथ नहीं मिला है।

भारतीय टीम एक बार फिर से इस टूर्नामेंट में टॉस हारी और साउथ अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसी के साथ टीम इंडिया के नाम भी अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया।



### महिला वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा टॉस हारने वाली टीमें

*इंग्लैंड- 13 में से 9 टॉस हारे, 1982*
*भारत- 9 में से 8 टॉस हारे, 2025*
*भारत- 12 में से 8 टॉस हारे, 1982*
*श्रीलंका- 7 में से सभी 7 टॉस हारे, 2000*
*साउथ अफ्रीका- 9 में से 7 टॉस हारे, 2025*

**11 वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही जीती हरमन टॉस**

अगर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात करें तो उन्होंने पिछले 11 महिला वनडे मैचों में से सिर्फ एक में ही टॉस जीता है। वो मैच इसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी लीग मैच था, जिसमें नतीजा नहीं निकल पाया था और मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। जबकि टीम इंडिया ने मौजूदा महिला विश्व कप में 9 में से आठ टॉस गंवाए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## यूक्रेन ने रूस पर किया बड़ा ड्रोन हमला

# तुआप्से बंदरगाह पर हुए हमले से रूस को हुआ भारी नुकसान,चौतरफा आग

एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

यूक्रेन ने रविवार रात को रूस पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन ने रूस के काला सागर में स्थित तुआप्से बंदरगाह और तेल टैंकर को निशाना बनाया है। रात भर चले यूक्रेनी ड्रोन हमलों में बंदरगाह जल गया है। यूक्रेन का यह हमला हाल में किए गए बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है।

**» 28 लाख टन डीजल और 16 लाख टन गैसोलीन की आपूर्ति करता है प्लांट**

**» पहले तेल पाइप लाइन को बनाया था निशाना**



बंदरगाह पर आग ही आग दिखाती एआई द्वारा बनाई गई तस्वीर।

### यूक्रेन ने लिया रूस से बदला

यूक्रेन का यह हमला हाल ही में उसके पूर्वी क्षेत्र में सैन्य उपकरणों की सप्लाई मार्ग वाले पुल को उड़ाये जाने के बाद किया गया है। कहा जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं द्वारा किया गया था, जो रूस के क्रास्नोदार क्राय क्षेत्र में एक बड़े पैमाने पर चलाए गए ड्रोन अभियान का हिस्सा था। हाल के महीनों में कीव ने अपने हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है, ताकि रूस की ईंधन आपूर्ति और सैन्य रसद तंत्र को बाधित किया जा सके।

### आसमान में हुए भीषण विस्फोट

इस भयानक ड्रोन हमले के चलते रूस के आसमान में चमकते विस्फोटों की झिलमिलाहट ने समुद्र के शांत पानी को भी लाल कर दिया। बंदरगाह के जो मजदूर कुछ देर पहले तक अपने रात्रि शिफ्ट के काम में व्यस्त थे, अचानक धुएं और आग की लपटों के बीच जीवन संघर्ष की दौड़ में शामिल हो गए।

### रूस ने पानी में उतार दिया सबसे खतरनाक हथियार

यूक्रेन के साथ जारी जंग के बीच ही रूस ने पिछले दिनों पोसाइडन और ब्यूरवेस्टनिक को लॉन्च किया था। अब उसने एक खतरनाक हथियार को पानी में उतार दिया है।



तैनात पनडुब्बी

### यूक्रेन को मिलेंगे आधुनिक विमान

रूस ने जब फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, उस वक्त राष्ट्रपति जेलेंस्की के देश के पास नाम मात्र की ही वायुसेना थी। यूक्रेन के पास सिर्फ 98 लड़ाकू विमान थे, जिनमें से आधे ही ऑपरेशनल थे। लाइटग्लोबल की विश्व वायु सेना 2022 रिपोर्ट के मुताबिक, कीव के पास कोई पश्चिमी लड़ाकू विमान नहीं थे।


### आपातकाल घोषित

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत आपातकाल घोषित कर दिया। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल की ओर दौड़ीं, लेकिन हर नई लपट उनके प्रयासों को चुनौती देती रही। हवा में तेल और जलते धातु की तीखी गंध भर गई थी। इस हमले ने न सिर्फ रूस की ऊर्जा व्यवस्था को झटका दिया, बल्कि तुआप्से के निवासियों के दिलों में डर और अनिश्चितता भी भर दी। सालों से इस तट पर काम कर रहे बूढ़े नाविक इवान जलते गोदामों को देखते हुए बोले- "समुद्र तो हमेशा से आग को बुझाता आया है।

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में आग, बच्चों समेत 23 की मौत

एजेंसी ▶▶ हर्मोसिलो

मेक्सिको के सोनारा राज्य में भीषण आग ने त्योहारी खुशी को मातम में बदल दिया। जब हर्मोसिलो शहर के एक डिस्काउंट स्टोर में लगी आग से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब देश भर में 'डे ऑफ द डेड' उत्सव मनाया जा रहा था। एक ऐसा पारंपरिक पर्व जिसमें परिवार अपने दिवंगत प्रियजनों को याद करते हैं। रंग-बिरंगे जुलूस और मोमबत्तियों के बीच यह हादसा उत्सव को त्रासदी में बदल गया। सोनारा राज्य के अटॉर्नी जनरल गुस्तावो सालास ने बताया कि अधिकांश मौतें जहरीली गैसें सांस में लेने से हुईं, क्योंकि आग लगने के बाद धुआं तेजी से पूरे स्टोर में फैल गया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने शवों का परीक्षण शुरू कर दिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धमाका या आग लगने की वजह संभावित इलेक्ट्रिकल फॉल्ट बताई जा रही है।



मार्केट के बाहर का दृश्य।






डाउन पेमेंट @ ₹8999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
किसान योजना ₹1800$
SCAN TO KNOW MORE
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Additional offers on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ᵛBasis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. ^As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Haryana.
TOLL FREE 1800 266 0018
Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.
VMI 5840 2025